CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 80,242.24
निफ्टी 24,334.20
सोना 98,153
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 1 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को मिली जमानत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

आईपीएल के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

फिर मुसीबत में सिसोदिया व जैन

क्लासरूम घोटाले में 'आप' नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ करप्शन का मामला दर्ज किया गया है। करप्शन का यह मामला क्लासरूम और स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ा है।

एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की जांच में पता चला है कि आप के कार्यकाल के दौरान 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण की लागत बढ़ाकर दर्शाई गई थी। इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-। के तहत अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है।

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी. वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

■ रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को नियुक्त किया गया नया अध्यक्ष

पाक समर्थित सोशल मीडिया खातों का ले. जनरल सुचिन्द्र के बारे में दावा गलत: सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया खातों के इस दावे को गलत बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटा दिया गया है। पीआईबी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खातों से झूठा और भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि ले. जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटाया नहीं गया है और वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं तथा उनकी जगह ले. जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

देश में होगी जातीय जनगणना

कैबिनेट का अहम फैसला, देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जाति जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गई। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डा. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमंडल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम -शेष पृष्ठ दो पर

■ बिहार विधानसभा चुनावों के पहले केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

कांग्रेस ने फैसले का किया स्वागत, पूछा तारीख बताएं

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार शाम दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसद में हमने कहा था कि हम जाति जनगणना करवाकर रहेंगे। साथ ही कहा था कि 50 फीसदी की जो दीवार (आरक्षण) है उसे भी तोड़ेंगे। न जाने अचानक क्या हुआ कि पीएम मोदी ने जाति जनगणना का आज ऐलान किया।

अब हम सरकार से जानना चाहते हैं कि ये कब तक होगा। तेलंगाना इस मामले में ब्लूप्रिंट बन सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद बुधवार को सरकार की ओर से जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई। हम इसका पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। ये पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं। बिहार और तेलंगाना इसके दो उदाहरण भी हैं। हालांकि, दोनों में बहुत अंतर है।

गन्ने का एमएसपी 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है। बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना उचित एवं लाभकारी मूल्य (एमएसपी) 340 रुपये प्रति कुंतल से बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल तय कर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा गन्ना खेती के आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपये प्रति कुंतल का प्रीमियम किसानों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति कुंतल है। चीनी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर, 2025 से आरंभ होगा और मूल्य किसानों से गन्ना खरीदने के लिए लागू होंगे।

आतंकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा तय नहीं कर पा रही है निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया कि भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए।

सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने सीडब्ल्यूसी बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी ने कहा कि देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस ने इस हमले के संबंध में विशेष संसद सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है। पर आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी। ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, ये सही समय नहीं है।

भारत ने LOC पर फायरिंग के प्रति पाक को किया आगाह

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों की मंगलवार रात हॉटलाइन पर बातचीत हुई, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति आगाह किया।पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू- कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों की सेनाओं के संचालन महानिदेशक हर सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से बात करते हैं।

गुटेरेस ने की जयशंकर व शहबाज शरीफ से बात

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है। महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं।

सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

रूस नहीं जाएंगे मोदी, राजनाथ होंगे 'विक्ट्री डे परेड' में शामिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले 'विक्ट्री डे परेड' समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

इंफाल। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए।

कोलकाता में ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत

कोलकाता। मध्य कोलकाता के बड़ा बाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है।

आंध्र प्रदेश में दीवार गिरने से सात की मौत

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना कथित तौर पर तड़के करीब तीन बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गई। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक 'चंदनोत्सवम' उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एमएन हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे।

चंद्रयान-3 एपीएक्सएस ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में वाष्पशील तत्वों को मापा

चेन्नई। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन के प्रज्ञान रोवर पर लगे अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) का उपयोग करके दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास शिव शक्ति स्टेशन पर मापे गए वाष्पशील तत्वों की सांद्रता का विश्लेषण किया है। एपीएक्सएस द्वारा मापी गई प्रचुर मात्रा का अन्य उपलब्ध डेटा के साथ तुलना करने पर सोडियम और पोटेशियम में असामान्य कमी का पता चला लेकिन हाइलैंड लैंडिंग साइट पर मिट्टी में सल्फर की मात्रा में वृद्धि हुई।

गंगोत्री के साथ यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

■ दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना

चिरंजीव सेमवाल

उत्तरकाशी। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार सुबह 10:30 बजे गंगोत्री धाम के कपाट विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम पूजा अर्चना कर मां गंगा से देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के लिए यह पर्व किसी उत्सव से कम नहीं है। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देते हुए बताया कि यात्रा को सुगम बनाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

सिंधु जल संधि के निलंबन पर हम कितने तैयार

सिंधु नदी क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना होगी बड़ी चुनौती

अबूबकर शिब्ली

सहारनपुर। बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के बाद पूरा देश प्रतिशोध की आग में जल रहा है।

इसी बीच भारत सरकार ने भी कड़ा कदम उठाते हुए लगभग 65 साल पुरानी 'अप्रासंगिक' हो चुकी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। जो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरी भी था, लेकिन यहां एक बड़ा सवाल बार-बार विशेषज्ञों को परेशान कर रहा है कि क्या भारत वास्तव में इसके लिए तैयार है? वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि अब भारत के लिए हितकारी नहीं रह गई थी। भारत अब 65 वर्ष पुरानी परिस्थितियों में नहीं रह गया है। तब से लेकर अब तक यहां की आबादी कई गुना तक बढ़ चुकी है। जिनकी जल की मांग पूरी करना कठिन होने लगा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि वर्तमान में लगभग 600 मिलियन भारतीय मध्यम से उच्च 'जल गरीबी' का सामना कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ सकती है। सिंधु जल संधि का निलंबन और अधिशेष जल का प्रबंधित उपयोग भारत में आसन्न गंभीर जल संकट को कम करने में मदद कर सकता है। लेकिन इसके लिए एक दीर्घकालीन एवं तार्किक रोडमैप की जरूरत होगी, क्योंकि -शेष पृष्ठ दो पर

भारत क्या-क्या कर सकता है...

भारत राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के विशेषज्ञों की देख-रेख में इस नदी के जलाधिक्य के सदुपयोग के लिए कृत्रिम जलग्रहण उपायों का विकास करने के साथ ही सिंधु नदी क्षेत्र का पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन कराकर नवीन जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर सकता है। इसके अलावा हिमालय नदियों के नहरीकरण की लंबित पड़ी प्रक्रिया में तेजी लाकर अतिरिक्त जल को सूखा प्रभावित क्षेत्रों या जल की कमी वाली अन्य नदियों में पहुंचाने, सिंधु नदी के जल को उत्तर भारत के अन्य राज्यों में सिंचाई तथा पेयजल हेतु आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने तथा विश्व बैंक पर इस संधि की पुनर्समीक्षा के लिए दबाव बनाकर पाकिस्तान के लिए पूर्व में निर्धारित हिस्से की मात्रा घटाने की दिशा में काम कर सकता है।

सुलह कानून के फैसलों को संशोधित कर सकती हैं अदालतें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने यह तय करने के लिए बुधवार को फैसला सुनाया कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 4:1 बहुमत से फैसला सुनाया कि अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के कानून के तहत मध्यस्थता फैसलों को संशोधित कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बहुमत से लिए गए फैसले में कहा गया है कि ऐसे फैसलों को संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग अदालतों की ओर से सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। पीठ में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अखिलेश व मायावती ने किया जातीय जनगणना का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उप्र में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह देर से उठाया गया सही फैसला है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति जनगणना का फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत है। हम सबके सम्मिलित दबाव से भाजपा सरकार मजबूरन ये निर्णय लेने को बाध्य हुई है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये पीडीए की जीत का एक अतिमहत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को ये चेतावनी है कि अपनी चुनावी धांधली को जाति जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही हर जाति को अपनी-अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपना वो अधिकार और हक दिलवाएगी, जिस पर अब तक वर्चस्ववादी फन मारकर बैठे थे। ये अधिकारों के सकारात्मक लोकतांत्रिक आंदोलन का पहला चरण है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंतिम। भाजपा की प्रभुत्ववादी सोच का अंत होकर ही रहेगा। संविधान के आगे मनविधान लंबे समय तक चल भी नहीं सकता है। ये इंडिया की जीत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में मूल जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का केन्द्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार जनगणना से जनकल्याण के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।

■ फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत

■ बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही थी

योगी ने किया फैसले का स्वागत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले का स्वागत किया है। योगी ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीसीपीए द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार, जिनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

भाजपा ने की अखिलेश की निंदा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि आरक्षण विरोधी एवं बाबा साहब की विरोधी कांग्रेस से समझौता करने वाली सपा का साथ दलित कभी नहीं दे सकते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैंक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़कर बाबा साहब का अपमान किया है। यादव ने पिछड़ा (ओबीसी) आरक्षण के घोर विरोधी एवं बाबा साहब को संसद पहुंचने से रोकने वाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन किया, इसलिए दलित समाज उनका कभी भी साथ नहीं देगा।

जाति जनगणना कराना सही कदम शुरू से रही हमारी यह मांग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस शुरू से यही मांग कर रही है और सरकार ने इसे पूरा कर अच्छा कदम उठाया है।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर पार्टी नेता राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है, जिसकी हम पहले दिन से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की मांग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। जातिगत जनगणना के अभाव में सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना के लिए इस साल के बजट में भी केवल 575 करोड़ रुपये का आवंटन है, इसलिए ये सवाल मुनासिब है कि सरकार इसको कैसे और कब पूरा करेगी। कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि मोदी सरकार जल्द से जल्द बजट का प्रावधान कर जनगणना और जातिगत जनगणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ चालू करे। जातिगत जनगणना ज़रूरी है, हिस्सेदारी न्याय के बिना सबकी प्रगति अधूरी है।

■ मैंने कई बार मामला संसद में उठाया, पीएम को पत्र भी लिखा

संक्षिप्त समाचार

प्रतापगढ़ में सपा नेता की सात करोड़ की संपत्ति कुर्क

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित सात करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने सपा नेता गुलशन यादव की अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ आवासीय जमीन तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है, एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बुधवार को बताया है कि यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत की गई है।

मोदी आज जाएंगे महाराष्ट्र, केरल और आंध्र के दौरे पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह केरल जाएंगे और शुक्रवार को विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री बाद में आंध्र प्रदेश जाएंगे और अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

सिलचर से शिलांग के बीच गलियारे को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने असम के सिलचर से मेघालय के शिलांग के बीच 22 हजार 864 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या छह के 166.80 किलोमीटर लंबे गलियारे के हिस्से के विकास, रख रखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

विवाद में न पड़ें, एक होकर रहें: गुलाम नबी

श्रीनगर, वार्ता

इस समय देश पहलगाम हमले का दंश झेल रहा है और पाकिस्तान के खिलाफ रणनीति तैयार करने में जुटा हुआ है। इस बीच जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने कहा कि 8 दिन हो गए, अब बहुत हो गया, अब कोई न कोई कार्रवाई करनी ही चाहिए। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए कि वह सात जन्मों तक याद रखे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल सेना को पूरी छूट देकर अच्छा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मल्टी प्रोन स्ट्रैटेजी से आतंकी घटनाएं कम होंगी, एक ही साथ कई मोर्चों पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग जो आतंकी घटना में पाए जाते हैं, वो गरीब और बेरोजगार होते हैं। वैचारिक रूप से मजबूत आतंकी कम हैं। आतंकी धर्म पूछकर पहले भी मारते थे, पंजाब में सिखों को मारते थे, हिन्दू को छोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ट्रैप में देश को नहीं पड़ना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि सुरक्षा में कमी पर कमी रह जाती है, आज इस पर चर्चा करने की बजाय उचित समय का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से दुश्मन को फायदा मिलेगा। अलग-अलग भाषा बोलने का समय नहीं, यूनिटी का समय है। पाकिस्तान में फौज और सरकार में डिविजन है, हमें जानबूझकर विवाद में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पाकिस्तान इस समय एक हो गया है, फौज, राजनीतिक दल में विवादों के बावजूद वो एक हो गए हैं। हमें भी एक रहना है, हमारे बीच का विभाजन पाकिस्तान को मौका देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई हो कि दुश्मन भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र बुलाया भी जाए, तो सभी दल सिर्फ इसी विषय पर केंद्रित रहें, बाकी वाद-विवाद अगले सत्र में हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिसने घटना को अंजाम दिया, वो पाकिस्तानी मुस्लिम था। अगर हिन्दू मुसलमान भी होता, तो गुनाह सिर्फ व्यक्ति करता है, उसके गुनाह की सज़ा कौम को नहीं मिलनी चाहिए।

■ पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही समय आ गया

योगी सरकार का किसानों के लिए बड़ा ऐलान

इजरायली तकनीक से दोगुनी होगी आमदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। अब प्रदेश में इजरायल की अत्याधुनिक कृषि तकनीक की मदद से सब्जी उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार की तैयारी हो रही है। इस योजना के तहत राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे, जिससे किसानों को अधिक उपज मिलेगी और उनकी आमदनी में इजाफा होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा कौशांबी में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स' और चंदौली में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स' की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की योजना है। कुल मिलाकर 150 हाईटेक नर्सरियों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जो किसानों को अच्छी क्वालिटी की पौध, प्रशिक्षण और आधुनिक खेती के सभी संसाधन उपलब्ध कराएगा। प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि इन प्रयासों से किसानों की आय को दोगुना करने में मदद मिलेग। उन्होंने बताया कि ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए किसानों को भारी सब्सिडी दी जा रही है। ड्रिप सिंचाई पर लघु व सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत और अन्य को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसी तरह स्प्रिकलर सिस्टम पर 75 प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस इस समय खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों को बेहतर मार्केटिंग सुविधाएं देने पर है। हाईटेक नर्सरियों और सेंटर आफ एक्सीलेंस के जरिए किसानों को बीज, पौध, उर्वरक, कीटनाशक, जैविक उत्पाद, जल प्रबंधन और बाजार से जुड़ी हर जानकारी सुलभ कराई जाएगी।

■ राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे

■ प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाइटेक नर्सरियां स्थापित होंगी

यूपी वालों को भी जारी होगा ई-पासपोर्ट

लखनऊ। यूपी के यात्रियों के लिए भी अब चिप लगे ई-पासपोर्ट उपलब्ध हो गए हैं। लगभग 3 साल के लंबे इंतजार के बाद इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक से ई-पासपोर्ट की खाली बुकलेट जारी होने के बाद ही इस नई सुविधा को अनौपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। मई या जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में ई-पासपोर्ट की सुविधा को शुरू कर सकते हैं। हालांकि नए फीचर वाले ई-पासपोर्ट की जानकारी लेने के लिए आवेदक पासपोर्ट कार्यालय पहुंच रहे हैं। ई-पासपोर्ट को जारी करने के लिए पासपोर्ट सर्विस प्रोग्राम 2.0 सॉफ्टवेयर की मदद ली गई है। इस नए ई-पासपोर्ट में सुरक्षा से जुड़े 41 फीचर है, जो लोगों के काफी मददगार साबित होने वाली है, जो यात्रा के दौरान काफी समय बचाएंगे। पासपोर्ट सेवा केंद्र और पीओपीएसके में दस्तावेज की प्रक्रिया को पूरा करते समय आवेदक के डिजिटल हस्ताक्षर, चेहरे की फोटो, बायोमीट्रिक को चिप में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा। इस नए ई-पासपोर्ट से इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ऐसे में इस नए ई-पासपोर्ट की सहायता से पासबुक दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक: मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गरीब और कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने वाले दबंगों को कड़ा सबक सिखाया जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

अर्थ व्यापार

बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883.72 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400.31 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2927 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 2228 में बिकवाली जबकि 631 में लिवाली हुई वहीं 68 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.10, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.72, इंडस्ट्रियल्स 1.20, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.88, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 0.41, पावर 0.89, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.49 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.59, जापान का निक्केई 0.57 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,370.80 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 80,525.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,879.15 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

धनखड़ करेंगे राज्यपाल पटेल की पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का लोकार्पण करेंगे। यह गरिमामय कार्यक्रम डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, पद्म पुरस्कार विजेतागण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि मूंगफली तेल 733 और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

देश में ....

संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था, तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितम्बर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठाई गई जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

गंगोत्री के साथ...

राज्य सरकार की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोग मूर्ति (चल विग्रह) को गर्भगृह में स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा संपन्न कराई गई। कपाट खुलते ही गंगोत्री धाम 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंज उठा और मंदिर प्रांगण में फूलों की वर्षा की गई। धाम में उपस्थित तीर्थ यात्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष झांगला मोटर मार्ग निर्माण की मांग भी रखी। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। चारधाम यात्रा की परंपरा वामावर्ती क्रम में होती है, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ शामिल हैं।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सचिव सुरेश सेमवाल, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी पी.एल. शाह, डुंडा के उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, भटवाड़ी की उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी, पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, रावल रवीन्द्र सेमवाल व संजीव सेमवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, सचिव सुनील उनियाल खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार भी मौजूद थे।

सिंधु जल संधि...

इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर सकती है। दरअसल, सिंधु महज एक नदी नहीं है। बल्कि एक प्रणाली है, जो अनेक छोटी बड़ी अंतराष्ट्रीय नदियों के अतिरिक्त चिनाब, झेलम, रावी, व्यास, सतलुज जैसी विशाल जल राशि वाली नदियों से मिलकर बनती है। इन पांचों नदियों को सम्मिलित रूप से 'पंचनद' कहा जाता है। साथ ही यह नदी प्रणाली लद्दाख व कश्मीर जैसे पारिस्थितिकी रूप से अति संवेदनशील क्षेत्र से होकर बहती है। यह क्षेत्र पहले से ही पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है। भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा ने पारिस्थितिकी विशेषज्ञों को एक बार फिर से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि सिंधु नदी तंत्र प्रतिदिन भारी मात्रा में जलराशि का परिवहन करता है। जो प्राकृतिक रूप से तिब्बत से शुरू होकर भारत व पाकिस्तान के रास्ते बहते हुए अरब सागर में जाकर मिल जाता है।

ऐसे में यदि इसके मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया तो यह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भयंकर बाढ़ व भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को दावत देना होगा। जिससे भारी जन-धन की हानि होगी। साथ ही हिमालय के प्राकृतिक पर्यावरण के लिए भारी असंतुलन उत्पन्न होगा। यह नदी अनेक वितरिकाओं में बंटकर अन्य मार्गों का अनुसरण करने लगेगी। जिससे लद्दाख, कश्मीर से लेकर पंजाब व हरियाणा तक की मानव बस्तियां खतरे में आ जाएंगी।

इतना ही नहीं दीर्घकाल में यह पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी को भी प्रभावित कर सकती है। क्योंकि सिंधु, सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदियों के उत्पत्ति बिंदु लगभग एक ही हैं। जो तिब्बत क्षेत्र की मानसरोवर रेंज में स्थित हैं। यह तो साफ है कि सिंधु जल संधि अब भारत की मौजूदा जरूरतों से मेल नहीं खा रही थी। साथ ही पाकिस्तान की 'नापाक हरकतों' पर लगाम लगाने और उसे यह संदेश कि 'पानी और खून साथ साथ नहीं बह सकते', देने के लिए इस संधि का निलंबन जरूरी भी था, लेकिन जरूरी यह भी है कि भारत सरकार जल्दबाजी से बचते हुए बहुत सोच समझ कर विशेषज्ञों की राय से साथ इस दिशा में आगे बढ़े। ताकि हिमालय के अति संवेदनशील क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले संभावित पारिस्थितिकी सरोकारों को न्यूनतम किया जा सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

यमुनोत्री में हुई मां यमुना भोग प्रसाद की लॉन्चिंग

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं को मिलने वाला मां यमुना भोग प्रसाद की लॉन्चिंग हो गई है। अब धाम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को स्थानीय महिलाओं की और से तैयार किया हुआ प्रसाद मिलेगा। यह प्रसाद मां यमुना ग्राम संगठन व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की और से लोकॉल फोर वोकल की तर्ज पर विशुद्ध स्थानीय सामग्री से उत्पादित तैयार कर धाम के कपाट उद्घाटन के मौके पर इसका लॉन्चिंग कर दिया गया है।
बुधवार को मां यमुना के पावन मंदिर खरसाली एवं यमुनोत्री धाम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित करके मां यमुना के कपाट खुलने के दिन अपने उत्पाद को मां यमुना मंदिर समिति एवं ग्राम्य विकास विभाग के समन्वय व सहयोग से लॉन्चिंग कर दिया है। इस मौके पर सीडीओ उत्तरकाशी एस एल सेमवाल, एसडीएम मुकेश रमोला, बृजेश कुमार तिवारी, प्रकाश पंवार व मंदिर समिति के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड बनेगा डिफेंस प्रोडक्शन हब: सीएम धामी

राज्य को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने को लेकर सरकार गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड को डिफेंस प्रोडक्शन हब के रूप में स्थापित करने का संकल्प व्यक्त करते हुए सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं में टेक्नॉलजी के प्रति रूझान पैदा करने का प्रयास करने के साथ ही युवाओं को इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर उत्तराखण्ड को ड्रोन एवं रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा ड्रोन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी (29-30 अप्रैल, 2025) देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं व आत्मनिर्भर अभियान से प्रेरित हैं।

■ मुख्यमंत्री ने ड्रोन तकनीक को आपदा राहत कार्यों के लिए वरदान बताया
राज्य अधिक से अधिक युवा बने ड्रोन एक्सपर्ट: सीएम
उत्तराखंड बनेगा ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब

भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में ड्रोन तकनीक आपदा राहत कार्यों के लिए वरदान

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में ड्रोन तकनीक आपदा राहत कार्यों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इसलिए हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा न केवल ड्रोन विशेषज्ञ बनें, बल्कि नागरिक उपयोग के लिए भी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान विकसित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नई औद्योगिक नीतियों में रक्षा उत्पादन और टेक इनोवेशन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सूर्या ड्रोन टेक 2025 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समागम है।

इस प्रकार के आयोजन न केवल आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु विशिष्ट मंच प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे नौजवानों को ड्रोन और तकनीकी के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह उत्तराखंड को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन तकनीक में विविधता भारत की आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमताओं का जीवंत प्रमाण है। यह देखकर गर्व होता है कि भारत अब न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि तकनीकी इनोवेशन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ड्रोन तकनीक आज सुरक्षा से लेकर शिक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि तथा प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

यात्रियों के साथ पुलिस कर्मी करें मृदु व्यवहार

रुद्रप्रयाग। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी ने यात्रा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ड्यूटी स्थलों पर जाकर ब्रीफ किया। सीओ ने ड्यूटी स्थल को भली-भांति समझने के साथ-साथ ड्यूटी स्थल के आस-पास के क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी रखने के निर्देश दिए। केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन एवं आने वाले श्रद्धालुओं की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात प्रबन्धन के लिए केदारनाथ धाम सहित यात्रा के सभी पड़ावों पर पुलिस बल को ड्यूटी पर लगाया गया है। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर ने पुलिस बल को ड्यूटी प्वाइंटों पर जाकर ब्रीफ किया। सीओ ने सभी को साफ-सुथरी वर्दी, अच्छा टर्न आउट रखने के साथ-साथ केदारनाथ पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व मृदु व्यवहार रखने, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिये।

गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने पर पर्यटन मंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

■ जीएमवीएन की बुकिंग पहुंची सात करोड़ पिच्चासी लाख

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है।

महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। गढ़वाल मण्डल विकास निगम के गैस्ट हाऊस के लिए एक फरवरी 2025 से अब तक 78585579 (सात करोड़ पिच्चासी लाख पांच हजार पांच सौ उन्यासी) ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बुकिंग हो चुकी है।

महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन पंजीकरण, मोबाइल ऐप से पंजीकरण के साथ-साथ इस वर्ष आधार नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन 28 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ कर दिये गये हैं। चार स्थानों हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर तथा हरबर्टपुर में ऑफ लाईन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में अभी तक ऑनलाइन व ऑफलाइन काउंटरो के माध्यम से कुल 22,67,190 यात्रियों ने पंजीकरण करवाया है।

यात्रा में सुरक्षा और ट्रैफिक पर नजर रखने के लिए 18 ड्रोन सक्रिय हैं। यह ड्रोन खाली नजर रखने के लिए नहीं है बल्कि ड्रोन से जो भी अपडेट ट्रैफिक या अन्य विषय में प्राप्त होगा उस पर आगे करवाई की जाएगी। इसके अलावा 2000 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। यात्रा मार्ग पर 15 सुपर जोन, 136 पार्किंग और 56 होल्डिंग एरिया बनाए गये हैं। यातायात का ज्यादा प्रेशर देखते हुए होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को रोका जाएगा, उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, भाजपा पर बोला हमला

दून की धरती से उठी संविधान रक्षा की आवाज

■ कांग्रेसियों ने भरी हुंकार: कहा, संविधान बचाओ, देश बचाओ भ्रष्टाचार और नफरत के खिलाफ कांग्रेस ने किया ऐलान-ए-जंग सचिन पायलट की ललकार: अब उत्तराखंड में कांग्रेस की बारी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून उस समय राजनैतिक ऊर्जा से भर उठी, जब रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में हजारों कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंच पर कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं की एकजुट उपस्थिति ने यह साफ कर दिया कि आगामी चुनाव में पार्टी पूरी ताकत से उतरने को तैयार है।

बुधवार को रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में बतौर मुख्य अतिथि, पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि देश में नफरत का माहौल फैलाया जा रहा है, ताकि असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने में केंद्र सरकार असफल रही है और पहलगाम की घटना में खुफिया तंत्र की विफलता को खुद सरकार ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि 'कांग्रेस ने आतंकवाद से लड़ते हुए दो प्रधानमंत्री और कई बड़े नेता खोए, मगर कभी झुकी नहीं। आज भी कांग्रेस संविधान और देश की अखंडता की रक्षा के लिए डटी है'।

पायलट ने कहा कि हम संकट की इस घड़ी में पूरे मनोबल के साथ केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं व हमारे नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है जिससे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट भारत का संदेश पूरे विश्व को जाय। पायलट ने भाजपा पर देश में नफरत का वातावरण फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी केंद्र व राज्य की सरकारों जनता के सवालों के जवाब देने में असमर्थ हैं, महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है मगर सरकार ने इन सवालों का आसान तरीका खोज लिया है नफरत फैलाओ और सवालों से छुटकारा पाओ।

इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यसमिति सदस्य सरदार गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि आज देश के संविधान के सभी स्तंभों पर भाजपा प्रहार कर रही है।

उन्होंने कहा कि मीडिया, कार्यपालिका,विधायिका और यहां तक कि अब न्यायपालिका पर भी आरएसएस व भाजपा सीधे प्रहार कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक जनता के सवालों पर लगातार संघर्ष कर रही है। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी जम कर भाजपा सरकार पर हमला बोला और कार्यकर्ताओं से संघर्ष का आह्वान किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आज राज्य का नौजवान, किसान, महिला सभी वर्ग वर्तमान भाजपा सरकार से निराश और हताश हैं। प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, विधायक विक्रम सिंह नेगी, विधायक ममता राकेश, विधायक मनोज तिवारी, विधायक तिलक राजबेहड़ ने भी सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि जिस दिन धर्म और श्रद्धा की यात्रा आरंभ होती है, उसी दिन हम संविधान रूपी आस्था को बचाने का संकल्प लेते हैं। सचिन पायलट को चारधाम स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, और उन्हें संविधान की प्रतियां सौंपीं गई जो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की और से भेजी गई थीं।

उत्तराखंड के लिए हमेशा तैयार: पायलट

सचिन पायलट ने मंच से स्पष्ट कहा कि वह उत्तराखंड कांग्रेस को हरसंभव सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, अब समय है एकजुट होने का, संघर्ष करने का और प्रदेश में कांग्रेस सरकार लाने का।

माहरा ने भाजपा सरकार को घेरा

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य सरकार पर अवैध खनन और गहरे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'जब खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष यह स्वीकार कर रहे हैं कि राज्य में अवैध खनन हो रहा है, तो इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए?' माहरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि "अब समय है कि इस भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बाहर किया जाए।

मैं सबसे उम्रदराज सिपाही: हरीश रावत

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मंच से स्वयं को "कांग्रेस का सबसे उम्रदराज सिपाही" बताते हुए कहा कि वह आज भी पूरी ऊर्जा के साथ जनता की लड़ाई में आगे हैं। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को निकम्मी और जनविरोधी करार देते हुए जनता से कांग्रेस का साथ देने की अपील की।

महिला सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक बन रही बालिका निकेतन की बेटियां: रेखा

■ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने किया बालिका निकेतन और नारी निकेतन में नाम निर्मित हॉल का लोकार्पण, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियां सम्मानित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बालिका निकेतन की बच्चियों अपनी मेधा के बल पर समाज में महिला सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक बन रही है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने नारी निकेतन और बालिका निकेतन में दो नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण भी किया।

राजकीय महिला कल्याण एंव पुनर्वास केन्द्र मानसिक/सामान्य केदारपुरम में 164 अनाथ, परित्यक्त, निराश्रित महिलाएं रह रही है। आर्या ने यहां द्वितीय तल पर हॉल एंव अन्य निर्माण कार्य (लागत रू. 57.09 लाख) का लोकार्पण किया।

आर्या ने राजकीय बालिका निकेतन केदारपुरम के प्रथम तल पर हॉल एंव अन्य निर्माण कार्य (लागत रू.65.52 लाख) का लोकार्पण भी किया।

कहा कि जिस तरह बीते तीन-चार साल में बालिका निकेतन की लड़कियों ने स्कूल और कॉलेज में शानदार प्रदर्शन किया है, वह उनकी दृढ मानसिकता और संघर्षशीलता को दर्शाता है। कई लड़कियां सरकारी सेवा में सफल हुई है और कई अन्य पीसीएस जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में जुटी है।

कार्यक्रम में मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौधरी, परियोजना प्रबन्धक राकेश चन्द्र तिवारी, सहायक अभियन्ता प्रमोद चन्द कोठियाल, उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता, राजीव नयन व जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

यात्रा ड्यूटी करने वाले कार्मिकों का 20 लाख का नि:शुल्क बीमा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की पैदल कठिन यात्रा होने के साथ ही यात्रा मार्ग पर हर समय खतरा बना रहता है। यहां यात्रा के दौरान पहाड़ी से मलबा गिरने के साथ ही यात्रा मार्ग पर कभी भी हादसा हो जाता है। ऐसे में डीएम सौरभ गहरवार की पहल पर केदारनाथ धाम की यात्रा डयूटी में तैनात कार्मिकों को नि:शुल्क 20 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा कवर दिया गया है। यात्रा डयूटी में तैनात रहने वाले कार्मिकों के लिये पहली बार यह पहल की गई, जिस पर सभी कर्मचारियों ने जिलाधिकारी का आभार जताया। दरअसल, केदारनाथ यात्रा का आगाज हो गया है और दो मई को देश-विदेश के आम भक्तों के दशनार्थ बाबा केदार के द्वार खोले जाएंगे। उत्तराखंड के चारो धामों में सबसे कठिन यात्रा केदारनाथ धाम की है। दरअसल, केदारनाथ यात्रा का आगाज हो गया है और दो मई को देश-विदेश के आम भक्तों के दशनार्थ बाबा केदार के द्वार खोले जाएंगे। उत्तराखंड के चारो धामों में सबसे कठिन यात्रा केदारनाथ धाम की है।

कार्मिकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने बीमा कवर की नई पहल की है। जिलाधिकारी की पहल पर प्रत्येक कार्मिक को बीस लाख रुपए का मुफ्त दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेश मिश्र को नोडल अधिकारी नामित किया है। मिश्र ने कहा कि बिना इन कर्मियों के यात्रा का संचालन संभव नहीं है। सभी कार्मिक छह माह दिन-रात यात्रा डयूटी में लगे रहते हैं। केदारनाथ धाम और पैदल यात्रा मार्ग की स्थितियां भिन्न हैं।

स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ है एक्स-रे तकनीशियन: डॉ. रावत

■ नियुक्ति पत्र मिलते ही खिल उठे चयनित तकनीशियनों के चेहरे, कहा, विभाग में तकनीकी संवर्ग के विभिन्न रिक्त पदों पर होगी भर्ती

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 34 एक्स-रे तकनीशियनों को प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नियुक्ति पत्र वितरित किये।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि एक्स-रे तकनीशियन स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ है। इनकी नियुक्ति से चिकित्सा इकाईयों में मरीजों की बीमारी से सम्बंधित एक्स-रे आसानी से होंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में डॉक्टरों को भी सहायता मिल सकेगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज 34 एक्स-रे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसी कड़ी में उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 34 एक्स-रे तकनीशियनों को नियुक्ति की गई हैं। डॉ. रावत ने कहा कि सभी चयनित एक्स-रे टेक्नीशियनों को प्रथम तैनाती पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों की चिकित्सा इकाईयों की जायेगी, जिससे चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों एवं पर्वतीय क्षेत्रों में आम जनमानस को समुचित चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

विभागीय मंत्री ने कहा कि एक्स-रे तकनीशियन स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ है, इनकी नियुक्ति से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की चिकित्सा इकाईयों में आम जनमानस को एक्स-रे संबंधी दिक्कतों से नहीं जूझना पड़ेगा, साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में डॉक्टरों को भी सहायता मिल सकेगी।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ. मनोज उप्रेती, निदेशक एनएचएम डॉ. मनू जैन, प्रभारी निदेशक डॉ. एच.सी.एस. मार्तोलिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी व नव नियुक्त एक्स-रे तकनीशियन उपस्थित रहे।

सीआईएसई के परिणाम में आरपीएस के बच्चों ने फिर दोहराया इतिहास

स्कूल के 12वीं में कृष्णा और 10वीं में विराट ने ऋषिकेश टॉप कर बढ़ाया गौरव परिजनों ने जताई खुशी

शाह टाइम्स ब्यूरो

ऋषिकेश। सीआईएसई ने बुधवार को 12वीं और दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें आरपीएस का दबदबा कायम रहा। स्कूल के होनहार छात्र कृष्णा अग्रवाल ने इंटरमीडिएट और विराट कुमार राव ने हाईस्कूल में ऋषिकेश टॉप किया। कामयाबी पर शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। आसपास के लोगों और पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाया।

बुधवार सुबह जैसे ही सीआईएसई ने परीक्षा परिणाम किया, तो आरपीएस के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के चेहरे खिल गए। 12 वर्षों से लगातार ऋषिकेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन का बरकरार रखते हुए 12वीं के छात्र कृष्णा अग्रवाल ने 97.7 अंक प्राप्त कर सिटी टॉप किया। 10वीं में विराट कुमार राव ने भी 98.2 अंक से शहर में पहला स्थान पाया। दोनों ही छात्रों ने सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया। प्रधानाचार्य एसएस भंडारी ने बताया कि 12 साल से स्कूल का प्रर्दशन देश-प्रदेश व ऋषिकेश में शानदार रहा है। वर्ष 2022 में 12वीं में स्कूल के छात्र संस्कार ध्यानी ने सीआईएसई की परीक्षा में देश में दूसरा स्थान हासिल किया था।

ऋषिकेश टॉपर कृष्णा ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन था। वहीं, आरपीएस प्रबंधन भी छात्रों की इस सफलता गदगद है। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी कृष्णा व विराट की कामयाबी पर खुशी जाहिर की। योग और पर्यटन के साथ ही अब शिक्षा में ऋषिकेश का नाम देश-प्रदेश तक फैल रहा है। उन्होंने दोनों छात्रों की कामयाबी पर हौसला अफजाई भी की।

प्रोफेसर बनना चाहते हैं कृष्णा

विराट का ख्वाब सिविल सर्विस

12वीं ऋषिकेश में टॉप कर माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा करने वाला होनहार कृष्णा अग्रवाल चिकित्सा क्षेत्र में काम कराना चाहता है। वह प्रोफेसर बनना चाहता है। खास बातचीत में कहा कि कठिन परिश्रम और लक्ष्य को निर्धारित करने मेहनत से हर स्थान को हासिल किया जा सकता है। बशर्ते आपकी मेहनत पूरी ईमानदारी से की गई हो। बकौल, कृष्णा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सात से आठ घंटे तक परीक्षा से पूर्व पढ़ाई की। बताया कि पिता ललित अग्रवाल ऋषिकेश में थोक विक्रेता हैं। जबकि, माता सीमा अग्रवाल गृहणि हैं। वहीं, 10वीं में सिटी टॉपर विराट कुमार राव ने बताया कि वह सिविल सर्विस में जाना चाहता है।

आरपीएस के ये भी होनहार

आरपीएस के 12वीं के परिणाम में सृष्टि सरकार, अदिति चौहान, इशान भारद्वाज, भव्य कौशिक और दसवीं में ओम कुमार, वंशिका कपिल, कनिष्क अग्रवाल, भव्य तिवारी, जागृत रावत ने भी मान बढ़ाया है। होनहारों की कामयाबी से अभिभावकों व शिक्षकों में हर्ष की लहर है। वहीं, कामयाबी पर मेधावियों को शिक्षकों व माता-पिता ने मिठाई खिलाकर भी खुशी का इजहार किया।

बाल विवाह निषेध कार्यक्रम किया गया आयोजित

कोटद्वार । बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के समन्वय से बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उदयरामपुर में बाल विवाह निषेध कार्यक्रम किया गया ।

कार्यक्रम के द्वारा बालिकाओं को बाल विवाह न करने हेतु जागरूक किया गया । इस अवसर पर बालिकाओं को पद्मश्री कल्पना सरोज की डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी नेहा बेलवाल के द्वारा बच्चियों को भविष्य में करियर बनाने हेतु सुझाव दिए गए। अध्यापक राजेंद्र सिंह पाल के द्वारा बच्चियों को बाल विवाह जैसी कुरीति का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है के संबंध में जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक सुमनलता के द्वारा बाल विवाह करने या करवाने पर कानूनी दंड एवं जुर्माने की जानकारी दी गई और इस संबंध में सूचना देने हेतु 112 नंबर डायल करने को कहा गया। संचालन वसुंधरा नेगी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में जीजीआईसी कण्वघाटी की अध्यापिका प्रियंका विद्यार्थी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक तुलरोचन बिंजोला, सहायक अध्यापक बिक्रम सिंह रावत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुनीता, मीनाक्षी, अनामिका एवं जीजीआईसी कण्वघाटी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उदयरामपुर एवं राजेश्वरी करुणा बोक्सा जनजा. ति बालिका विद्यालय की बालिकाएं उपस्थिति रही।

एलयूसीसी कंपनी से ठगे उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

■ हाईवे पर बैठी महिलाओं ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। द लोनी अर्बन को-आपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) कंपनी के ठगी के शिकार हुए निवेशकों और एजेंटों ने बुधवार को कीर्तिनगर मोटर पुल पर प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलित महिला हाईवे पर धरने पर बैठ गई। मौके पर महिलाओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जल्द कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

इस दौरान कीर्तिनगर व श्रीनगर पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। इस दौरान यातायात प्रभावित न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन मौके पर आवाजाही सुचारू करने में जुटा रहा। मौके पर कीर्तिनगर प्रशासन ने महिलाओं को समझाने की कोशिश की लेकिन महिलाएं पुल पर धरने पर डटी रही। आंदोलन का नेतृत्व कर रही सरस्वती देवी ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही चारधाम यात्रा शुरू होने के दिन प्रदर्शन की बात कही थी। कहा कि वह श्रीनगर की ओर से कीर्तिनगर की ओर शांतिपूर्ण रूप से प्रदर्शन के लिए जा रही थीं। उन्हें कीर्तिनगर में सांकेतिक धरना देने के साथ तहसील प्रशासन को ज्ञापन देना था, किंतु कीर्तिनगर पुलिस ने उन्हें आगे आने से रोक दिया गया। जिसके बाद मजबूरन उन्हें बीच मोटर पुल पर धरने पर बैठना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे तक मोटर पुल पर बैठ प्रदर्शन करने के बाद जब मौके पर कीर्तिनगर तहसीलदार पहुंचे तब महिलाओं ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसके बाद महिलाओं ने प्रदर्शन समाप्त कर वापस लौटे।

इस दौरान भारी संख्या में कीर्तिनगर व श्रीनगर पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। प्रदर्शन करने वालों में बबीता, पूनम पंत, उर्मिला देवी, प्रिति, मीना, सुमन गोस्वामी, बीना रावत, दिव्या शामिल रही।

804 ग्राम अवैध चरस के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

कोटद्वार । कोतवाली पुलिस ने एक कार से 804 ग्राम अवैध चरस बरामद कर 3 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह और क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम व सीआईयू की टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सिद्धबली बैरियर के पास एक कार को रोक कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में सवार तीन व्यक्तियों सतेन्द्र सिंह रावत पुत्र शेर सिंह रावत, निवासी इसाई रोड़ निंबूचौड़, रोहित डोबरियाल पुत्र भोला दत्त डोबरियाल, निवासी मवाकोट और भाष्कर नेगी पुत्र भूपेन्द्र सिंह नेगी, निवासी निंबूचौड़ के कब्जे से 804 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। भाष्कर नेगी के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है, वहीं अन्य दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटायी जा रही है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

हाईस्कूल में अभिनव और इंटरमीडिएट में मंयक ने मारी बाजी

श्रीनगर। आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट बुधवार को घोषित हो गया है। नगर क्षेत्र के सेंट थेरेसा कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्र अभिनव जोशी ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, वर्तिका नौरियाल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, श्रेष्ठा बडोनी ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में मयंक सिंह नेगी ने 98.25 प्रतिशत अंक के साथ विघालय में प्रथम स्थान, मयंक लखेड़ा ने 95.25 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, स्तुति चौहान ने 95 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वाणिज्य वर्ग में इशिका ढौंडियाल ने 88. 50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा जैन ने 84 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान,साक्षी ने 80.50 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर ऐन्सी और विद्यालय प्रबंधक जोस ज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस बार विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। कहा कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में स्कूल के 10 छात्र, इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में 12 छात्रों 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होने छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया। विद्यालय के प्रबंधक जोस वरगीस ने भी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई उसी का परिणाम है कि विद्यालय के सभी छात्रों ने अच्छे अंको के साथ उत्तम परिणाम दिया है।

कुनाल ने 95 प्रतिशत अंक पाकर मारी बाजी

श्रीनगर। आईसीएसई की बोर्ड परीक्षा बुधवार को घोषित हो गया है। विकासखंड कीर्तिनगर के सैन्जो कॉन्वेंट स्कूल किलकिलेश्वर में कक्षा दसवीं के छात्र कुनाल नेगी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि अंकिता बिष्ट ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और सावन सिंह बिष्ट ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सैन्जो स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर नेजी जोसेफ ने बताया कि दसवीं कक्षा में 38 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया की विद्यालय का परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर विद्यालय के मैनेजर फादर जिम्मी आइजक, प्रधानाचार्या सिस्टर नेजी जोसेफ, और विद्यालय के शिक्षकों व परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जीआरपी ने 43 गरीब बच्चों का कराया दाखिला

कोटद्वार। पुलिस अधीक्षक राजकीय रेलवे पुलिस उत्तराखंड तृप्ति भट्ट के निर्देशन में ऑपरेशन मुक्ति के तहत गठित जीआरपी उत्तराखंड टीम द्वारा शिक्षा से वंचित 43 बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है ।

उत्तराखंड में गरीब बच्चों के बेहतर भविष्य और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जीआरपी पुलिस ने ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने और गुब्बारों को बेचने जैसे कार्यों में लगे गरीब बच्चों को चिन्हित करके उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रचना देवरानी के नेतृत्व में ऑपरेशन मुक्ति टीम लगातार इस दिशा में सक्रिय है। टीम द्वारा गोष्ठी और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर ऑपरेशन मुक्ति जीआरपी पुलिस टीम में कोटद्वार क्षेत्र से हेड कांस्टेबल रजनी नौटियाल, कुमाऊं क्षेत्र से हेड कांस्टेबल रमेश गिरी, रुड़की, हरिद्वार व देहरादून क्षेत्र से महिला कांस्टेबल ममता, कांस्टेबल अमित सहित अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

नई ट्रेड्स जोड़ने और परंपरागत कौशल पर फोकस करने की जरूरत: डीएम

■ पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न, डीएम ने दिए ट्रेड्स विस्तार के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने योजना के वर्तमान क्रियान्वयन की रिपोर्ट लेते हुए इसमें आ रही समस्याओं और बाधाओं पर गहराई से चर्चा की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना के तहत नए ट्रेड्स जैसे मोबाइल रिपेयर, नर्सरी, कुकिंग, फोटोग्राफी और फ्लोरिकल्चर को भी जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक पारंपरिक और आधुनिक कारीगर इससे लाभान्वित हो सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कौशल को संरक्षित कर उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे फील्ड से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण का स्वरूप व्यावहारिक और उपयोगी हो। पीडी डीआरडीए को निर्देशित किया गया कि चिन्हित ट्रेड्स जैसे बास्केट मेकर, राजमिस्त्री आदि से जुड़े लोगों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए और प्रोत्साहित किया जाए।

एसपीएमयू, उद्योग निदेशालय देहरादून की दिव्या राणा ने बताया कि वर्तमान में योजना के अंतर्गत 97 प्रतिशत लाभार्थी विभिन्न ट्रेड्स में ऑनबोर्ड हो चुके हैं। इनमें से सात लाभार्थियों को ऋण वितरण भी किया जा चुका है। हालांकि 24 लाभार्थी प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित हैं, जिनमें आधार लिंक न होने जैसी तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। इस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएं। डीपीएमओ भूपेंद्र बिष्ट ने जानकारी दी कि अब तक 17 बैचों में 500 से अधिक लोगों को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अगली प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आईटीआई नई टिहरी में प्रस्तावित है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जीएम डीआईसी और पीडी डीआरडीए को तिथि की जानकारी पहले से उपलब्ध कराने को कहा, जिससे सभी विभाग समन्वयित रूप से तैयारी कर सकें।

ये रहे मौजूद

बैठक में एडीएम ए.के. पांडेय, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, जिला उद्योग केंद्र नरेंद्रनगर की प्रबंधक कृतिका कुलासरी और अशोक पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा जताई कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय को और सशक्त किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम उठाए जा सकें।

चारधाम यात्रा के मद्देनजर टिहरी क्षेत्रान्तर्गत मुनिकीरेती, ढालवाला क्षेत्रों में चौकसी बढ़ी

नई टिहरी। चारधाम यात्रा 2025 का विधिवत शुभारंभ बुधवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के मार्गदर्शन में जनपद टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियों को अमलीजामा पहनाया है।

यात्रा के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए ऋषिकेश, मुनि की रेती, ढालवाला और तपोवन जैसे प्रमुख स्थलों पर टिहरी पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। बद्री-केदार से लौट रहे यात्रियों के सुचारु आवागमन के लिए ब्रह्मपुरी तिराहे से उन्हें डाइवर्ट कर सीधे ढालवाला की ओर भेजा जा रहा है, जिससे यातायात पर दबाव न बढ़े और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखी जा सके। भद्रकाली चेक पोस्ट पर सभी यात्रा वाहनों की कागजातों की सघन जांच की जा रही है।

टिहरी के छात्रों ने आईसीएसई और आईएससी परीक्षा में मारी बाजी

नई टिहरी। बुधवार को घोषित हुए आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणामों में टिहरी जनपद के स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।

आईसीएसई परीक्षा में कार्मल स्कूल चंबा के दिव्यांश सिंह उत्सव ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आईएससी परीक्षा में इसी विद्यालय के अनिकेत गुनसोला ने विज्ञान वर्ग में 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया। कामर्स वर्ग में कान्वेंट स्कूल चंबा के भविष्य सेमवाल ने 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान पाया। नई टिहरी स्थित आल सेंट्स कान्वेंट स्कूल ने भी 100 प्रतिशत रिजल्ट देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि घनसाली स्थित सेंट मैरी स्कूल के पहले बैच ने भी आईसीएसई परीक्षा में बेहतरीन नतीजे दिए। आल सेंट्स कान्वेंट स्कूल, नई टिहरी के आईएससी विज्ञान वर्ग में रितिका नेगी ने 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। अर्पिता सजवाण ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय, शुभम पुंडीर ने 91.75 प्रतिशत के साथ तृतीय, जबकि अर्मिका सजवाण और शिवानी रावत ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया। कामर्स वर्ग में भविष्य सेमवाल ने 95.25 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया। सक्षम भारती ने 93.25 प्रतिशत के साथ दूसरा, अर्पित सजवाण ने 90 प्रतिशत के साथ तीसरा, लाराण्य राणा ने 89.5 प्रतिशत के साथ चौथा और अनीशा ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में सौभाग्य रावत ने 95 प्रतिशत, यशवर्धन ने 92 प्रतिशत, अंशिका ने 88.5 प्रतिशत, अनन्या ने 84.75 प्रतिशत और अलीना ने 80.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्रमशः पहले से पांचवें स्थान तक अपनी जगह बनाई। आईसीएसई वर्ग में आल सेंट्स कान्वेंट स्कूल भागीरथीपुरम के अक्षित असवाल ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, अंशिका असवाल ने 89. 2 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अदिति राणा ने 87.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल घनसाली की छात्रा अंकिता पैन्यूली ने 88 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पाया, अदिति राणा ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अदिति नेगी ने 84.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। चंबा के आईसीएसई रिजल्ट में दिव्यांश सिंह उत्सव ने जिले में टॉप किया। प्रेरणा पुंडीर और पीयूष भट्ट ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, जबकि शुभम रावत 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान वर्ग में अनिकेत गुनसोला ने 95.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, विदुषी उनियाल ने 94.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय और सानवी 92.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही।

पुलिस ने मुख्य बाजार से हटाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

गौचर। आगामी चार धाम यात्रा 2025 की तैयारी को लेकर गौचर पुलिस और नगर पालिका के संयुकत अभियान में मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था सड़क किनारे पार्क वाहनों तथा फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा रखे गए सामानों को हटाने के निर्देश पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमंत चौहान व चौकी प्रभारी मंदिर गुसाई ने दिए जनपद चमोली के प्रवेश द्वार गौचर नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और यात्रा काल के दौरान जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अभी से अपनी तैयारियो को धरातल पर मूर्ति रूप देना शुरू कर दिया है इसी क्रम में आज गौचर पुलिस और नगर पालिका द्वारा नगर में सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ वह दुकानदारों द्वारा के द्वारा कार्यवाही की द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई इस संहिता अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रा कल के दौरान नगर में अनारसाक जाना लगे और यापायत व्यवस्था चकबंदी बनी रहे ताकि तीर्थ यात्रियों के साथ यहां के वाशिदों को सुगम आवागमन मिल सके साथ ही सभी वाहन स्वामियों व चालकों से पाकिंग स्थल का उपयोग करने की अपील की गई है।

पालकोट-चौड़ जसपुर मार्ग के सुधारीकरण को मिली स्वीकृति

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के अंतर्गत लंबे समय से खस्ताहाल स्थिति में पड़े पालकोट-चौड़ जसपुर मोटर मार्ग को आखिरकार राहत मिल गई है। सरकार ने इस बहुप्रतीक्षित मार्ग के डामरीकरण और संपूर्ण सुधारीकरण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा को लेकर आवाज उठा रहे थे और अब सरकार ने उनकी वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार कर 2.95 किलोमीटर लंबे इस मोटर मार्ग के लिए दो करोड़ आठ लाख रुपये की धनराशि मंजूर की है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि अब खतरनाक व असुविधाजनक सफर का अंत होगा। यह मार्ग लंबे समय से गड्ढों से भरा हुआ था, जिससे आमजन के लिए आवागमन किसी चुनौती से कम नहीं था। जगह-जगह सड़क की सतह टूट चुकी थी और नाली निर्माण न होने की वजह से बारिश के मौसम में पानी सड़क पर भर जाता था। साथ ही सुरक्षा दीवारों की खस्ताहाल स्थिति के कारण राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ था। इन तमाम समस्याओं के बीच अब यह मार्ग जल्द ही नए स्वरूप में दिखाई देगा। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि डामरीकरण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए ताकि जल्द से जल्द कार्य शुरू हो सके। इस परियोजना को स्वीकृति मिलने के पीछे टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्षों से डामरीकरण के अभाव में बदहाल पड़े इस मार्ग को लेकर उन्होंने सरकार स्तर पर लगातार पैरवी की और अंततः सफलता प्राप्त की।

छह माह में बदलेगा सुमन पार्क का स्वरूप सौंदर्यीकरण के लिए 1.87 करोड़ स्वीकृत

सुमन पार्क को मिलेगा नया रूप, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम, नई टिहरी का ऐतिहासिक सुमन पार्क अब दिखेगा नए अंदाज में

नई टिहरी। टिहरी झील के किनारे बसी नई टिहरी नगरी का केंद्रबिंदु माने जाने वाला ऐतिहासिक सुमन पार्क अब एक नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सुमन पार्क के व्यापक सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्य की शुरुआत कर दी है। करीब 1.87 करोड़ रुपये की लागत से पार्क को नया स्वरूप दिया जाएगा और इसके लिए छह माह की समयसीमा तय की गई है। इस परियोजना के पूरी होने के बाद यह पार्क न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनकर उभरेगा। सुमन पार्क की ऐतिहासिक महत्ता इसे और भी खास बनाती है। यह पार्क अमर शहीद श्रीदेव सुमन की स्मृति में उस समय बनाया गया था जब टीएचडीसी द्वारा नई टिहरी नगर की स्थापना की गई थी। तब से यह स्थल शहर की पहचान और गौरव का प्रतीक बना हुआ है। नगर के प्रमुख आयोजनों की शुरुआत यहीं से होती है। हालांकि समय के साथ पार्क की स्थिति जर्जर हो गई थी, जिसको लेकर व्यापार मंडल, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार इसके नवीनीकरण की मांग उठाई जा रही थी। अब अंततः डीडीए ने इस दिशा में गंभीर पहल करते हुए पार्क को नया जीवन देने की योजना को क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ा दिया है।

डीडीए के सहायक अभियंता पंकज पाठक ने जानकारी दी कि सुमन पार्क में विभिन्न मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुके हैं। प्रारंभिक चरण में पुराने और अनुपयोगी जिम उपकरण, बेंच आदि हटाए जा रहे हैं। इसके पश्चात पार्क में आकर्षक फाउंटेन, बच्चों के लिए झूले, नई टाइल्स, कलात्मक पेंटिंग और हरियाली के लिए घास बिछाने जैसे कार्य किए जाएंगे। पार्क को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि लोग वहां योगाभ्यास, ध्यान और अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां भी कर सकें। साथ ही यह स्थल पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करेगा और शहर की छवि को एक नया आयाम देगा। पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ प्रशासन ने नई टिहरी शहर के संपूर्ण पर्यटन विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इसके तहत नजदीकी शहीद/युद्ध स्मारक का भी नवीनीकरण किया जा रहा है। डायजर में भव्य प्रवेश द्वार, शिवमूर्ति का रिना. वेशन और नई टिहरी में एक आकर्षक गेट का निर्माण भी किया जा रहा है। यह सभी योजनाएं मिलकर शहर को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक आकर्षक और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगी।

जातिगत जनगणना: भाजपा ने जताया मोदी का आभार, कांग्रेस बोली- ये हमारी जीत

मोदी काल में लिए जा रहे ऐतिहासिक फैसले: भट्ट

■ यह निर्णय समावेशी विकास की दिशा में बड़ा बदलाव लेकर आएगा

शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने जातिगत जनगणना पर ऐतिहासिक फैसला के लिए पीएम मोदी का प्रदेशवासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने खुशी जताते हुए, इसे समाज बांटने की राजनीति करने वालों के मुंह पर करारा तमाचा और प्रत्येक वर्ग के विकास में बड़ा बदलाव लाने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जातीय जनगणना का यह फैसला ऐतिहासिक और देशवासियों का दिल जीतने वाला है। समूचा दलित, आदिवासी पिछड़ा, सर्वसमाज समेत समाज का प्रत्येक वर्ग उनके इस फैसले का हृदय से स्वागत करता है। उन्होंने इसे दशकों के इंतजार को समाप्त कर, एकजुटता से सबको समर्थ बनाने वाला कहा। वहीं जोर देते हुए कहा कि जाति जनगणना को राष्ट्रीय जनगणना के साथ जोड़ने का यह निर्णय देश में समावेशी विकास की दिशा में बड़ा बदलाव लेकर आयेगा। इसके धरातल पर उतरने से नीतियों को अधिक न्यायसंगत और लक्षित बनाने में मदद मिलेगी। जिससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा।

वहीं उन्होंने इसे जातीय जनगणना का राग अलापने वाले राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं के लिए भी एक सबक बताया, जिन्होंने दशकों तक सत्ता में रहने पर भी कुछ नहीं किया।

आमने / सामने

कांग्रेस के प्रयासों से हुई संविधान की जीत: दसौनी

■ सामाजिक न्याय की लड़ाई में जातिगत जनगणना का एक अहम हिस्सा

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। जातिगत जनगणना कराये जाने के केंद्रीय कैबिनेट के फैसले को उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने संविधान कांग्रेस इंडिया गठबंधन और खास तौर पर राहुल गांधी की जीत के रूप में बताया। गरिमा ने कहा कि केंद्र में सरकार भले ही भाजपा गठबंधन की चल रही हो लेकिन उसकी दिशा दिखाने का काम कांग्रेस और राहुल गांधी कर रहे हैं।

गरिमा ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में जातिगत जनगणना एक अहम हिस्सा है। कांग्रेस पार्टी के हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी हमेशा से सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत हैं। इतिहास गवाह है कि साल 1951 में जब सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को खारिज किया था, तो कांग्रेस की पंडित जवाहर लाल नेहरु के नेतृत्व वाली सरकार ने पहला संविधान संशोधन किया और मौलिक अधिकारों में अनुच्छेद 15 (4) को जोड़कर आरक्षण का रास्ता सदा के लिए प्रशस्त कर दिया। देश में पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र की कांग्रेस सरकार ने सितंबर, 1993 में दिया। इसके अलावा, कांग्रेस की केंद्र सरकार ने 20 जनवरी, 2006 से संविधान में 93वाँ संशोधन कर व अनुच्छेद 15 (5) जोड़कर, शिक्षण संस्थानों में भी पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का ऐतिहासिक अधिकार दिया।

कोमल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉप किया

विकासनगर। आईसीएसई के बुधवार को जारी हुए परीक्षा परिणाम में ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल सेलाकुई के छात्र-छात्राओं का जलवा रहा। स्कूल ने दसवीं और बारहवीं का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। दसवीं की छात्रा कोमल ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ श्रेया सिंह दूसरे और 92 प्रतिशत अंकों के साथ रोशन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। टॉपर छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। हाईस्कूल की टॉपर कोमल ने बताया कि डीआरडीओ में वैज्ञानिक बनकर देश के लिए आधुनिक रक्षा उपकरण और मिसाइल बनाना उसका सपना है। इसके लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। श्रेया सिंह का सपना पायलट कर आसामान में ऊंची उड़ान भरने का है जबकि रोशन कुमार प्रोफेसर बनकर समाज को शिक्षा से रोशन करना चाहते हैं। विद्यालय के प्रबंधक एमपी कुंडलिया और प्राचार्य निधि लखेड़ा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

भाजपा का वक्फ सुधार जनजागरण अभियान आज से होगा शुरू

■ प्रमुख नागरिक संवाद, मुस्लिम समाज से संवाद बैठक, घर घर संपर्क, अन्य कार्यक्रम होंगे

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। भाजपा गुरुवार से वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के माध्यम से घर घर पहुंचने जा रही है। जिसके तहत प्रमुख नागरिक संवाद, मुस्लिम समाज से संवाद बैठक, घर घर संपर्क आदि कार्यक्रम, पार्टी करने वाली है। ताकि संशोधन की सरल शब्दों में चर्चा से समाज विशेषकर मुस्लिम समाज की भ्रांतिया दूर हो, साथ ही इसके लाभों की जानकारी उनको हासिल हो सके।

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के निर्देशानुसार 1 से 10 मई तक इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। यह बिल विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमद होगा, जो लम्बे समय से हाशिये पर रह रहे हैं, जिनकी आवाज अनसुनी रही और जिन्हें अवसरों से वंचित रहना पड़ा है, इसके माध्यम से मुख्य रूप से हमारी मुस्लिम माताआ.-बहनों, गरीब और पसमांदा भाईयों को लाभ मिलेगा। इस अभियान में समन्वय के लिए प्रदेश स्तर पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में टोली गठित की गई है। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, प्रकाश रावत प्रदेश प्रवक्ता तथा इंतजार हुसैन प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई है।

अगले चरण में मण्डल स्तर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। महिला मोर्चा भी सक्रिय भूमिका निर्वहन करते हुए घर-घर संपर्क कर पत्रक वितरण और मुस्लिम बस्तियों में छोटी-छोटी बैठकें आयोजित करेंगी।

संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस अध्यक्ष के मोबाइल चोरी

■ भीड़ की आड़ में सक्रिय हुए असामाजिक तत्व

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस की और से देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित संविधान बचाओ रैली ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संदेश देने के साथ-साथ एक अप्रिय घटना का भी गवाह बनी। भारी भीड़ के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के दोनों मोबाइल फोन चोरी हो गए, जिससे रैली की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

इस रैली में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, और राज्यभर से आए हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की आवाज बुलंद की। लेकिन जब मंच पर वरिष्ठ नेताओं का संबोधन चल रहा था, तब कुछ असामाजिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर मंच तक पहुंच गए। अफरा-तफरी और अव्यवस्था के बीच उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के दोनों फोन उड़ा लिए।

माहरा के सलाहकार अमरजीत सिंह ने बताया कि रैली के समापन पर मंच पर जरूरत से ज्यादा लोग चढ़ गए, जिससे यह घटना घटी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि यह हरकत किसी कार्यकर्ता से अनजाने में हुई है, तो वह व्यक्ति फोन वापस लौटा सकता है। अन्यथा, पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी और मोबाइल को सर्विलांस पर डालने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

यह घटना केवल एक चोरी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश है। कांग्रेस पार्टी ने यह साफ कर दिया है कि वह ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। पार्टी जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करेगी और भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाएगा।

अक्षय तृतीया पर फीका रहा सर्राफा बाजार

विकासनगर। अक्षय तृतीया पर पछुवादून में सर्राफा बाजार की चमक धीमी रही। हालांकि व्यापारियों ने ग्राहकों के लिए ऑफर रखा था, लेकिन सोना महंगा होने के कारण लोग खरीदने नहीं पहुंचे। परंपरा निभाने के लिए लोगों ने चांदी के सिक्के ही खरीदे। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार इस बार पिछले साल की अपेक्षा अक्षय तृतीया पर 75 प्रतिशत मंदी रही। बीते दिनों पीली धातु के दाम एक लाख के करीब पहुंच गए थे, जिसके बाद से ही सर्राफा बाजार की चमक फीकी पड़ने लग गई थी।

विकासनगर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार जगमोहन सिंह, सर्राफा व्यापारी संदीप जैन, रविंद्र वर्मा, सतीश जायसवाल, संजीव राणा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर लोग आभूषणों की खरीदारी के लिए कम पहुंचे, जो लोग दुकान तक आए उन्होंने भी चांदी का सिक्का या हल्के आभूषण ही खरीदे।

कांग्रेस की रैली अनौचित्यपूर्ण: भट्ट

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने फ्लॉप शो करार दिया

शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेसी रैली की टाइमिंग और औचित्य पर गंभीर सवाल करते हुए इसे सनातन विरोधी फ्लॉप शो करार दिया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने चारधाम यात्रा आरम्भ होने पर खुशी जताते हुए दावा किया कि विरोधी लाख कोशिश करे, लेकिन पर्यटन का स्वर्णिम युग प्रारंभ हो गया है।

उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है। साथ ही सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए विश्वास दिलाया कि प्रत्येक श्रद्धालु की जिम्मेदारी देवभूमिवासियों के सहयोग से सरकार की है। स्वागत किया है।

वहीं कांग्रेस की रैली पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि देश और प्रदेश आज सुरक्षा और विकास के महत्वपूर्ण चरण से गुजर रहा है। लेकिन मुख्य विपक्ष कांग्रेस की गैरजिम्मेदार राजनीति समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। आज से राज्य की आर्थिकी की सबसे अहम कड़ी, चार धाम यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा स्थानीय लोगों के व्यवसाय और स्वरोजगार को मजबूती देने का काम करती है। साल दर साल इसकी सफलता दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर देवभूमि को प्रमुखता से स्थापित कर रही है। लेकिन अफसोस, इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश हित में सहयोग करने के बजाय कांग्रेस पार्टी नकारात्मक राजनीति पर कायम है। कांग्रेस को यात्रा की सफलता से अधिक अपने राजनैतिक वजूद को बचाए रखने की है। वे जिन तमाम मुद्दों को संविधान बचाने के नाम पर उठा रहे हैं, उस पर चर्चा करने तक का नैतिक अधिकार कांग्रेस पार्टी को नहीं है। इससे पहले भी उनके तमाम मुद्दों की हवा जनता निकाल चुकी है। जनता इनके नेताओं और उनके विचारों को लगातार नकार रही है। यही वजह है कि न इनकी रैलियों में भीड़ होती है और न ही ये वैचारिक प्रभाव स्थापित कर पाते है। आज की उनकी रैली संख्या और वैचारिक खोखलेपन को पूरी तरह उजागर करती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सनातन विरोधी है, इसीलिए हमेशा उससे से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावित करने का प्रयास करती रहती है। ये लोग राज्य के देवभूमि स्वरूप के पक्ष में कभी नहीं रहे, यही वजह है कि इस पावन यात्रा की व्यवस्था को खराब करने के उद्देश्य से राजनैतिक कार्यक्रम तैयार करती ही रहती है। इनका एकमात्र मकसद होता है धार्मिक यात्राओं की परम्पराओं और व्यवस्थाओं को लेकर झूठ फैलाया जाए ताकि प्रदेश की छवि खराब हो। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस लाख कोशिश कर ले, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार जनसहयोग से यात्रा के नए रिकॉर्ड कायम करेगी। हमारी को. शिशों पर जनता ने कांग्रेसी अभियान से अपनी अनुपस्थिति जताकर, अपनी मुहर लगा दी है।

एक नजर ....

भारत दुनिया की फार्मेसी है : डॉ. एस. फारूक

देहरादून। कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर के 45 फार्मा छात्रों को संबोधित करते हुए हिमालय वेलनेस कंपनी देहरादून इकाई के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने कहा कि भारत में 7 लाख फार्मेसियां, 20,000 फार्मा कंपनियां और 200 यू. एस.एफ.डी.ए अनुमोदित विनिर्माण सुविधाएं हैं। चिकित्सा पर्यटन वैश्विक फार्मा भारत में तेजी से बढ़ रहा है और इसलिए इस अनुशासन को चुनकर आप, मुझे यकीन है कि अभिनव कौशल और केवल कड़ी मेहनत और नैतिक रूप से मजबूत होने के साथ शीर्ष पर पहुंच सकते हैं। छात्रों के साथ 4 संकाय सदस्य डॉ. संगीता रानी, नजर खान, हर्ष सिसोदिया और मिस कनिष्का चौहान थे।

आईएससी में दून के ब्राइटलैंड्स की छात्रा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया प्रथम स्थान

देहरादून। सीआइएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) में 12वीं कक्षा में समीक्षा जोशी पुत्री शांतिराम जोशी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके पिता एडवोकेट टेक्सशन के विकासनगर में व्यवसाय करते है। समीक्षा जोशी भी अपने पिता की तरह टेक्सशन का व्यवसाए करना चाहती है।

मंदिर में स्थापित हुई शनिदेव की शिला

चकराता। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बुधवार को छावनी बाजार स्थित प्राचीन चिंताहरण महादेव मंदिर में विधिविधान के साथ शनिदेव की शिला की स्थापना की गई। इस ऐतिहासिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। पूजन कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ हुई। पुजारी सिद्धेश्वर गिरी, राम पाठक, आचार्य विधादत्त जोशी और आचार्य विजय किशोर ने विधिवत अनुष्ठान कर नव निर्मित मूल स्थान पर शनिदेव की शिला की स्थापना कराई। इस दौरान मंदिर परिसर शनि देव और महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कैंट बोर्ड के सीईओ आर. एन. मंडल, अनुभा विश्वास मंडल, राजेश्वर वर्मा, अनूप चौरसिया, मुकेश कुमार, अनिल चांदना, संदीप जोशी, सुभाष मौर्य, ईश्वर दत्त जोशी, बिजेंद्र राणा और अरविंद सिंह सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे।

चकराता छावनी क्षेत्र में चरमराई सफाई व्यवस्था, लोगों ने जताई नाराजगी

चकराता। छावनी परिषद चकराता क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। बस स्टैंड, केसरी मार्केट, सदर बाजार समेत कई वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है। क्षेत्रवासियों ने छावनी परिषद से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। छावनी परिषद के निर्वाचित सदस्य अनिल चांदना ने बताया कि बीते दो महीने से हालात खराब हैं और वह इस संबंध में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल केवल डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन ही सुचारु रूप से चल रहा है, जबकि सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुख्य बाजारों में भी नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिससे सड़कों और गलियों में गंदगी फैल रही है। इससे न केवल जनस्वास्थ्य को खतरा है, बल्कि क्षेत्र की छवि भी धूमिल हो रही है। वहीं, संपर्क करने पर सेनेट्री इंस्पेक्टर संदीप जोशी ने बताया कि सफाई नायक और अन्य कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा।

अवैध खनन पर विधायक के तल्ख तेवर के बाद हरकत में आई पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। पछुवादून में हो रहे अवैध खनन पर विधायक मुन्ना चौहान के तल्ख तेवर दिखाने के बाद अब पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने अवैध उप खनिज से भरे एक दर्जन वाहन सीज किए हैं। पुलिस की कार्रवाई से अवैध खनन के कारोबारियों में दिनभर खलबली मची रही। चार दिन पूर्व विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने पुल नंबर एक पार नवाबगढ़ में अवैध खनन से ओवरलोड एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर पुलिस को कार्रवाई के लिए मौके पर बुलाया था। विधायक के 40 मिनट तक इंतजार करने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची तो उन्होंने एसएसपी को कोतवाली पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करने के साथ ही बाजार चौकी प्रभारी और चीता पुलिस के दो जवान लाइन हाजिर किए गए। विधायक ने पुलिस कप्तान को पछुवादून में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। विधायक चौहान के तल्ख तेवर अपनाने से हरकत में आई पुलिस अब अवैध खनन पर कार्रवाई करती हुई दिखाई दे रही है। बीते दो दिनों में पुलिस ने विकासनगर क्षेत्र में अवैध खनन, ओवर लोडिंग और रेस ड्राइविंग में एक दर्जन वाहन सीज किए हैं। शहर कोतवाल विनोद गुसाई ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि बीते लंबे समय से पछुवादून में सदानीरा यमुना, आसन नदी के साथ ही बरसाती नदी, नालों में अवैध खनन का खेल जारी है, जिससे नदियों का प्राकृतिक बहाव बदल रहा है, जो भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरे का कारण बन सकता है।

जुगरान ने एमकेपी में रिक्त पदों को लेकर भेजा पत्र

देहरादून। भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने सचिव उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड शासन को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट रूप से कहा कि अगर एमकेपी महा विद्यालय देहरादून में टीचिंग व नोन टीचिंग स्टाफ के रिक्त चल रहे 80 फीसदी पदों को शीघ्र भरने की कवायद शुरू नही की जाति तो वह न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होंगे। अपने पत्र में रवीन्द्र जुगरान ने यह भी अवगत कराया कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले तीन वर्ष बाद एमके शपी महाविद्यालय में ताले लगने वाले हैं, क्योंकि अगले तीन वर्ष बाद टीचिंग नोन टीचिंग वाले 95 फीसदी सेवा निवृत्त हो जायेंगे।

राज्य मछली के संरक्षण की मिसाल बनी यूजेवीएन की गोल्डन हैचरी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में यूजेवीएन लिमिटेड की और से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

कंपनी ने फरवरी 2024 से व्यासी जलविद्युत परियोजना क्षेत्र में गोल्डन महाशिर हैचरी का सफल संचालन प्रारंभ किया है। यह हैचरी यमुना नदी पर स्थित 120 मेगावाट क्षमता वाली व्यासी जलविद्युत परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जो अप्रैल 2022 से विद्युत उत्पादन कर रही है।

गोल्डन महाशिर (जिसे हिमालयन महाशिर भी कहा जाता है) उत्तराखंड की राज्य मछली है और यह गंगा, यमुना, कोसी जैसी नदियों में पाई जाती है। यह एक लुप्तप्राय: प्रजाति है, जिसके संरक्षण के लिए सरकार और संबंधित संस्थाएं लगातार प्रयासरत हैं।

यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने जानकारी दी कि यह हैचरी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शीतल जल मत्स्य अनुसंधान निदेशालय, भीमताल के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित की गई है।

अब तक इस हैचरी में लगभग 9,000 गोल्डन महाशिर मछलियों का उत्पादन किया जा चुका है, जिनमें से 3,000 मछलियों को रैंचिंग प्रक्रिया के तहत व्यासी जलाशय में में छोड़ा गया है।

यह रैंचिंग प्रक्रिया यूजेवीएन लिमिटेड के महाप्रबंधक इन्द्र मोहन करासी एवं चकराता के प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई।

हैचरी में तैयार की गई मछलियों को प्राकृतिक जल स्रोतों में छोड़कर उनका प्राकृतिक संवर्धन सुनिश्चित किया जाता है। इस अवसर पर यूजेवीएन लिमिटेड के अधिशासी अभियंता शांति प्रसाद भट्ट, रत्नेश बिष्ट, सहायक अभियंता विनोद कुमार सिंह, देवेंद्र चौहान, अवर अभियंता कवींद्र कोटवाल, विजेंद्र कुमार, सत्यम, सोहन सिंह, राजेश कुमार, राकेश तोमर, रितेश तोमर, सुनील, दिनेश पाठक व मनोज आदि उपस्थित रहे।

यात्रा काल में नहीं चलेंगे ई रिक्शा

विकासनगर। विकासनगर बाजार में एनएच पर ई रिक्शा संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। बुधवार को पुलिस ने बाजार में अभियान चलाकर बेतरतीब खड़े 10 वाहनों का चालान करने के साथ ही पांच दुकान स्वामियों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की। विकासनगर बाजार में जाम की समस्या आम हो गई है। चारधाम यात्रा शुरू होने पर यातायात का दबाव बढ़ने से जाम की समस्या और विकराल हो जाती है। लेकिन इस बार पुलिस यात्रा की शुरुआत में ही जाम से निपटने के लिए सख्ती दिखाने लगी है। बाजार में जाम का मुख्य कारण ई रिक्शा बनते हैं। लिहाजा बुधवार से मुख्य बाजार में ई रिक्शा का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। पुलिस की सख्ती का असर बुधवार को बाजार में दिखाई दिया। बाजार चौकी प्रभारी नौशाद अहमद ने बताया कि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एनएसटीआई व आईटीओटी में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन प्रवेश शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन कार्यरत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश कार्यक्रम की घोषणा की है। जो उम्मीदवार नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट, नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री धारक हैं, या इन पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वे 8 मई 2025 से 28 मई के बीच आधिकारिक वेबसाइट एनआईएमआईऑनलाइनएडमिशन. इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जाएगा, जो कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के रूप में देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा की तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

चयनित उम्मीदवारों को 41 ट्रेड्स (28 इंजीनियरिंग और 13 नॉन-इंजीनियरिंग) में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सीआईटीएस योजना के तहत 2019 से 2024 के बीच 45,025 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

94 फीसदी अंक हासिल कर किया नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सीआईएससीई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में कांस्टेंसिया स्कूल के होनहार छात्र मोहम्मद आबान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि स्कूल और पड़ोसी राज्य के मुजफ्फरनगर शहर का नाम रोशन किया है।

मोहम्मद आबान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले हैं और उनकी शिक्षा उत्तराखंड के देहरादून में चल रही है। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी की लहर है। उनके पिता मोहम्मद अब्बास और माता रानी अब्बास, जो एक समाज सेविका भी हैं, को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। मोहल्ले से लेकर शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन तक सभी ने आबान की मेहनत और लगन की सराहना की है।

मोहम्मद आबान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और खुद की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी मोहम्मद आबान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगी।

डॉ. नरेश बंसल ने जातीय जनगणना को मंजूरी देने पर जताया हर्ष

देहरादून। भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा देश मे जातीय जनगणना को मंजूरी देने पर हर्ष जताया है।उन्होने इस निर्णय को ऐतिहासिक व अति महत्वपूर्ण बताया है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे एनडीए सरकार एकात्म मानववाद के दर्शन पर सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास व सबका विश्वास की नीति के साथ आत्मनिर्भर व विकसित भारत संकल्प के साथ काम कर रही है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम देश के समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा। जातीय जनगणना से नीतियों को अधिक न्यायसंगत और लक्षित बनाने में मदद मिलेगी। इससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा। ये निर्णय आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर पर पिछड़ी हुई जातियों को लाभ पहुंचाएगा।

गांव पहुंचे अफसर, कई विभाग नदारद

■ सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम अधूरा रहा

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम बुधवार को ग्राम पंचायत जाड़ी में संपन्न हुआ, लेकिन कई अहम विभागों की अनुपस्थिति ने आयोजन को अधूरा बना दिया।

मुख्य कृषि अधिकारी एवं नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह राणा की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि, वन, उद्यान, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, लोक निर्माण, समाज कल्याण, राजस्व, पूर्ति, सिंचाई, लघु सिंचाई समेत कुल 17 विभागों के अधिकारियों को भाग लेना था। मगर राजस्व, विद्युत, शिक्षा, समाज कल्याण, वन और पूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्राम पंचायत प्रशासक टीकम सिंह चौहान ने गैरहाजिर विभागों के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताते हुए नोडल अधिकारी से कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कृषि विभाग से सिंचाई टैंक निर्माण, सिंचाई पाइप की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि के निस्तारण हेतु पंचायत स्तर पर शिविर लगाने तथा उद्यान विभाग से आलू, अदरक, हल्दी, मटर आदि के बीज समय से उपलब्ध कराने की मांग रखी।

मुख्य कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि अनुपस्थित विभागों से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा ग्रामीणों की उठाई गई समस्याओं को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ धरातल पर करें कार्य : पाण्डियन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे संयुक्त सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार डी० सेंथिल पाण्डियन की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। बैठक में जल शक्ति अभियान के तहत जनपद में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों एवं कार्यों के संबंध में स्लाइड शो के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई। अधिशासी अभियंता सिंचाई ओमजी गुप्ता ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जल शक्ति अभियान कैच द रैन नारी शक्ति से जल शक्ति के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में संपादित किए गए कार्यों जिसमें मनरेगा के अंतर्गत कुल 46 तालाबों में कार्य किया गया है, जिसमें कुल सृजित 60692 मानव दिवस जिसमे महिलाओं के सशक्त बनाने हेतु उनकी भागीदारी 32 प्रतिशत रही तथा 04 महिलाओं को आत्म निर्भर बनने हेतु 2.6065 हैक्टर क्षेत्र वर्ग वाले तालाब का पट्टा 29 वर्ष के लिए उपलब्ध कराया गया रखी ताकि आत्मनिर्भर की दिशा में अग्रसर हो सके। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में 32 तालाबों अतिक्रमण से मुक्त कराया गया तथा 97 तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक की समीक्षा के दौरान संयुक्त सचिव पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार डी० सेंथिल पाण्डियन ने उपस्थित अधिकारियों के निर्देश दिए कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जो भी कार्य किए जा रहे है उनको आपसी समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करे , जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आम जनमानस की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाते हुए आम जनमानस को जागरूक किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि सारा कार्यक्रम के अंतर्गत जो भी कार्य किए जा रहे है उन कार्यों को मानसून से पहले करना सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि संचालित योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार को कोई समस्या या कठिनाई आ रही है तो उसके समाधान के लिए कारगर उपाय निकला जाए तथा योजनाओं का समय-समय पर भी सक्षम अधिकारियों द्वारा भी मॉनिटरिंग की जाए।

बैठक में संयुक्त सचिव द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के समीक्षा की, स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश दिए है कि जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में और महिलाओं के प्रसव केंदों साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने को कहा। उन्होंने बैठक के दौरान बाल विकास की समीक्षा करते हुए बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल से कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों कृषि, मत्स्य, रीप, शिक्षा विभाग आदि से जनपद में किए जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि जनपद में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किये जा रहे कार्यों एव विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन में बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है जिसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों के हौसला अफजाई करते हुए सराहना की तथा आगे भी इसी तरह से कार्य करते हुए योजनाओं के लाभ आमजन तक पहुंचने को कहा ताकि योजनाओं का लाभ आमजन मानस को उपलब्ध हो सके। बैठक के पश्चात संयुक्त सचिव द्वारा विकास खण्ड नारसन के ग्राम लिब्बारेंडी के मशरूम प्लांट, ग्राम हरचंद पुर फ्लोरी कल्चर ण्वं ग्राम शेरपुर खेलमऊ तालाब का निरीक्षण, गदर जूड़ा रूफ टॉप, रेन वाटर, हारवेस्टिंग स्ट्रकचर के साथ लाठरदेवा स्थित हूण के सीड बैंक का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कीं।

इस दौरान जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ,सीएमओ डॉ आरके सिंह, परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुभाष शाक्य, अपर निर्देशक मत्स्य विभाग गरिमा मिश्रा, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल, बीडीओ मानस मित्तल, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी ,उप प्रभागीय वन अधिकारी पूनम कैथूरा,एलडीएम संजय संत सहित जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

रिक्शा चालक शिव सागर शाह ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कड़ी मेहनत कर रोजी रोटी कमाने वाले रिक्शा चालक शिव सागर शाह ने पंजाब से आए यात्रीयों का ज्वेलरी, पैसों से भरा बैग व मोबाइल फोन लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। पुलिस ने यात्री को ढूंढकर सामान उसके सुपुर्द कर दिया। पंजाब से आए कुछ यात्री उनका एक बैग जिसमें सोने के एक जोड़ी टॉप्स, मोबाइल फोन व करीब दस हजार रूपए की नमदी थी। रिक्शा चालक शिवसागर की रिक्शा में भूल गए थे। शिव सागर को जब रिक्शा में बैग मिला तो उसने यात्रीयों को ढूंढने का प्रयास किया। यात्रीयों के नहीं मिलने पर उसने भीमगौड़ा बैरियर पर बैग पुलिसकर्मियों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम ने यात्रीयों को ढूंढकर बैग उन्हें सौंप दिया। बैग वापस मिलने पर यात्रीयों ने रिक्शा चालक व पुलिस का आभार जताया। ईमानदारी की मिसाल पेश करने पर पुलिस ने भी शिव सागर शाह की पीठ थपथपाई। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने शिव सागर की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अखाड़ा धर्मनगरी का सम्मान बढ़ाने वाले रिक्शा चालक को सम्मानित करेगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी शिव सागर शाह का उत्साह बढ़ाना चाहिए।

पतंजलि की आईटी शाखा बीएसपीएल ने लांच किया बहुभाषी डिजिटल बैंकिंग सिस्टम

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (बीएसपीएल) ने एआई संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360 बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का प्लेटफॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिजाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों भाषा समावेशिता, सुरक्षा, प्रक्रिया दक्षता और विनियामक का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं। इस बैंकिंग सिस्टम को एंड-टू-एंड बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिजाइन किया गया है, सिस्टम में एपीआई बैंकिंग, एमआईएस, एचआरएमएस, ईआरपी मॉड्यूल, एएमल टूल और निर्बाध संचालन और अनुपालन के लिए वर्कफ्लो ऑटोमेशन सहित मजबूत क्षमताएँ हैं। आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के साथ पूरी तरह से संरेखित, यह समाधान वित्तीय संस्थानों में द्विभाषी सॉफ्टवेयर के लिए सरकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। पतंजलि समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारत कई भाषाओं वाला देश है, फिर भी हमारा बैंकिंग बुनियादी ढांचा मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होता है। जिससे बहुसंख्यक अलग-थलग पड़ जाते हैं। भरुवा सॉल्यूशंस एक परिवर्तनकारी उत्पाद लॉन्च कर रहा है जो तकनीकी रूप से बेहतर, कार्यात्मक रूप से व्यापक और भाषाई रूप से समावेशी है, जो आधिकारिक भाषा अधिनियम 1963 के साथ संरेखित है। इसस ग्रामीण, अर्ध-शहरी, सहकारी और छोटे वित्त संस्थानों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के समान तकनीक तक पहुँच मिलेगी। इस विजन को साकार करने के लिए, भरुवा सॉल्यूशंस ने द्विभाषी बैंकिंग क्षेत्र की अनुभवी कंपनी नेचुरल सपोर्ट कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।

भारतीय ब्राह्मण महासंघ ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भारतीय ब्राह्मण महासंघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष पं. आशुतोष तुम्बडिया के संयोजन में अपर रोड स्थित तुम्बडिया हाउस में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव वैदिक मंत्रोच्चारण व आरती कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पं.आशुतोष तुम्बडिया ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए अपना समूचा जीवन समर्पित किया। जब पृथ्वी पर अन्याय बढ़ता है तब परशुराम जैसा साहस और पराक्रम ही देश ओर समाज को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने हमें शक्ति का उपयोग केवल धर्म की रक्षा के लिए करना सिखाया। इस अवसर पर महेश तुम्बडिया, नवनीत शर्मा, दुर्गादत्त भट्ट, खिलानंद, भास्कर जोशी, सतीश, नवीन गड़कोटी,

हर्षवर्धन निश्चल, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, गोपाल दत्त जोशी, अंबादत्त जोशी, गीतम, मुकेश भट्ट, पवन, खिलानंद भट्ट, ललित जोशी, ईश्वर दत्त जोशी, शिवदत्त भट्ट, गोपाल जोशी, मोहित जोशी, सुनील जोशी, थानसिह, नवीन गडकोटी, राजु कुरेई, शैलेंद्र ठाकुर, मुकेश कश्यप, दुर्गादत्त भट्ट, बंटी ठाकुर आदि शामिल रहे।

श्री अखंड परशुराम अखाड़े ने गंगा पूजन कर मनाई परशुराम जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। अक्षय तृतीया के अवसर पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के संयोजन में श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। पंडित अधीर कौशिक ने बताया भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन प्रदोष काल में हुआ था। ऋषि जमदग्नि मुनि और रेणुका के पुत्र भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। भगवान परशुराम ने शास्त्र एवं शस्त्र दोनों को धारण किया। शास्त्र द्वारा आत्म कल्याण किया जाता है एवं शस्त्र द्वारा आत्मरक्षा की जाती है। आज जिस प्रकार से आतंकवाद समाज में फैल रहा है। आतंकवाद को नष्ट करने के लिए समाज एवं सनातन की रक्षा के लिए शास्त्र और शस्त्र दोनों की आवश्यकता है। अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में पूजे जाने वाले प्रत्येक देवी देवता ने धर्म रक्षा और राक्षसों के संहार के लिए शस्त्र धारण किए है। भगवान परशुराम ने क्षत्रियों का नहीं राक्षसों का संहार किया था। इस दौरान जेपी जुयाल, राजकुमार शर्मा, लखनपाल शर्मा, ऋषि शर्मा, जलज कौशिक, सत्यम शर्मा, राधे शर्मा, जेपी बडोनी, रविदेव महाराज, अमित भारद्वाज, संदीप शर्मा, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित शर्मा, महंत शिवम, सचिन तिवारी, सोमपाल कश्यप, बृजमोहन शर्मा, मनोज ठाकुर, पंडित विष्णु आचार्य आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने युवक को चाकू के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी। पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

बुधवार को पुलिस ने वाहन चौकिंग के दौरान एक युवक को अम्बुवाला तिराहे से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम रवि कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी बहादरपुर जट पथरी बताया है। आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गये अभियान में एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने अलग अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनो को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गैर जमानती दो वारंटियों को अलग अलग गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी मोनू व पवन पुत्र स्वर्गीय अतर सिंह निवासी बहादरपुर जट पथरी दोनो वारंटी पिछले लंबे समय से न्यायालय से नरारद चल रहे थे। दोनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने बताया दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वारंटियो के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी

जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर से बैठक कर समस्याओं से अवगत कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा के नेतृत्व में जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर संजीव सोलंकी के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत कराया। बैठक के दौरान ज्वाइंट कमिश्नर संजीव सोलंकी ने विश्वास दिलाया कि व्यापारियों की जो भी समस्याएं हैं। उच्चाधिकारियों को उनसे अवगत कराकर समाधान कराया जाएगा। बैठक के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने ज्वाइंट कमिश्नर को बताया कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा माल लेकर आ रहे वाहनों को जांच के नाम पर रोककर परेशान किया जाता है। इस पर रोक लगायी जाए और जांच प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। टैक्स जमा होने के बाद भी विभाग द्वारा व्यापारियों को नोटिस जारी कर दिए जाते हैं। जिससे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ व्यापारियों द्वारा वसूल की गयी जीसएटी को बिल में नहीं दर्शाया जाता है। जिससे माल खरीदने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग को इसं संबंध में भी कदम उठाने चाहिए।

अक्षय तृतीया पर विधिवत रूप से शुरू हुई चारधाम यात्रा

पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि ने यात्रियों को रवाना किया

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गयी। हरिद्वार से बड़ी संख्या में यात्री चारधाम यात्रा पर रवाना हुए। पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि के साथ साधु संतों ने मुंबई के तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर चारधाम यात्रा रवाना किया। इस दौरान यात्री बेहद उत्साहित दिखे और हर हर मोदी घर घर मोदी के नारों के साथ यात्रियों ने पहलगाम की घटना को दरकिनार करते हुए यात्रा को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बताया। यात्रियों ने कहा कि जितनी अधिक संख्या में यात्री चारधाम यात्रा पर आगे आयेंगे। आतंकवादी उतने ही पीछे हटेंगे। तीर्थ यात्रियों ने कहा कि यात्रा के माध्यम से देश ओर दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ संदेश देना है। पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि मुख्यमंत्री यात्रा को लेकर बेहद गंभीर है। अधिकारियों को यात्रीयों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों के उत्साह से हरिद्वार के व्यापारी भी उत्साहित है। व्यापारियों ने अच्छा व्यापार होने की उम्मीद जतायी है। व्यापारी नेता संजीव नैय्यर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ग्राउंड जीरो पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। जिससे यात्रीयों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आएंगे।

शहीद हुए मजदूरों को श्रद्धांजलि देंगे भेल श्रमिक

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की तैयारियों को लेकर भेल सेक्टर-1 स्थित हेवी इलेक्ट्रिकल वर्कर्स ट्रेड यूनियन के कार्यालय पर हीप एवं सीएफएफपी की 5 यूनियन्स की बैठक आयोजित की गयी। हैवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन के महामंत्री विकास सिंह ने बताया कि बैठक में यूनियन पधाधिकारियों ने 1 मई 1886 को शिकागों और दुनिया भर में मजदूरों के अधिकारों के लिए शहीद हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजली देने के लिए एक विशाल श्रद्धांजली सभा आयोजित करने का निर्णय लिया। श्रद्धांजलि सभा में भेल के सैकड़ों मजदूर शामिल होंगे। बैठक में रवि कश्यप, अमित गोगना, सचिन चौहान, कुमुद श्रीवास्तव, गगन वर्मा, कृपाल सिंह, राजकुमार, अशोक सिंह, अर्जुन सिंह, बलबीर सिंह रावत, राकेश मालवीय, अरविंद मावी, कामता प्रसाद, प्रह्लाद सिंह चौहान, सतेंद्र प्रताप सिंह, दीपक राय, पीके वशिष्ठ, हरिहर प्रसाद, हरीश साहू, वीरेंद्र सिंह भदौरिया, विजय यादव, भवानी प्रसाद, धर्मेश गुप्ता सहित सैकड़ों भेल कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रतिबंधित मांस व उपकरण के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी। क्षेत्र के गांव बुढ़ाहेड़ी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को 200 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस व गौकशी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की भनक लगने के बाद मौके से तीन आरोपी भाग निकले। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गोवंश अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियो की तलाश में पुलिस सम्भावित ठिकानों पर दबिश देने में लगी है। पुलिस के अनुसार बुधवार को मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम बुढ़ाहेड़ी गांव के पीछे खेतो में कुछ लोग गौकशी को अंजाम देने में लगे है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर छापेमारी की लेकिन पुलिस की भनक लगते ही गौकशी कर रहे लोग मौके से भाग निकले। जबकि एक व्यक्ति

को पुलिस ने मौके से 200 किलोग्राम गोमांस व गौकशी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। बरमाद किये मांस को सील किया गया है। साथ ही मौके से मिले गोमांस के सेम्पल को फॉरेन्सिक जांच के लिये भेजा गया है। पुलिस ने जांच के बाद पकड़े गए आरोपी साजिद पुत्र आबिद, व फरार आरोपी अकबर पुत्र शरीफ, भूरा उर्फ कोबरा व नदीम पुत्र अकबर, सभी निवासी गण बूढ़ाहेड़ी के खिलाफ गोवंश अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे है। आरोपियों की तलाश में पुलिस सम्भावित ठिकानों पर दबिश देने में लगी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया गौकशी की सूचना पर छापेमारी की गई है। मौके से मिले मांस को गढ्ढा खोलकर दबा दिया गया है। फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

पार्षद ने 17 पंप बंद कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने उत्तरी हरिद्वार भूपतवाला में एक बड़े होटल के निर्माण कार्य के चलते 17 बोरिंग पंपों से भूजल का दिन रात लगातार दोहन कर पानी को नालों में बहाया जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को पत्र देकर होटल निर्माण में लगे पंपों को बंद करने की मांग की है। पत्र में पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि आसपास के क्षेत्र के आश्रम धर्मशाला में बोरिंग हुए कुएं तथा पेयजल निगम के नल सूख गए हैं। भूपतवाला संत बाहुल्य क्षेत्र है। जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त आश्रभों में आकर ठहरते हैं। होटल निर्माण में लगे 17 पंपों द्वारा भूजल नालों में बहाए जाने से क्षेत्र में पानी की कमी होने लगी है। पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि उक्त होटल के निर्माण में लगे पंपों को शीघ्र बंद कराकर क्षेत्र को पेयजल समस्या से निजात दिलाई जाए। पार्षद सूर्यकांत शर्मा के साथ पत्र सौंपने वाले में श्री रामलीला कमेटी भूपतवाला के अध्यक्ष अमित गुप्ता, समाजसेवी जनेश्वर त्यागी, लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद पाल, विनय शंकर दुबे, राकेश सिंह, रामेश्वर शर्मा, धीरज झा,

आशु कंडवाल, नीरज शर्मा, प्रदीप शर्मा, हेमनारायण अग्रवाल, रमेशनाथ गोस्वामी, गौरव खन्ना, विनीत शर्मा, यश, उमेश जैन, पंकज जोशी, राजा कश्यप, विष्णु उपाध्याय, विशाल गौड़, अभिनव, सूरज, अमित, सोनू सैनी, नीरज तनेजा, दिनेश सैनी, मनी, रविपाल, अनूप पाल, दीपक पंत, आदर्श पांडे, सूरज शर्मा, अंकित कौशिक, अश्विनी बिश्नोई, सूरज शर्मा, सूरज गुप्ता, संदीप, अनूप आदि शामिल रहे।

अक्षय तृतीया पर श्रीमहंत मधूसूदन गिरी ने किया गंगा पूजन और कन्या पूजन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार।अक्षय तृतीया के अवसर पर कनखल सन्यास मार्ग स्थित श्री बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने गंगा पूजन और कन्या पूजन कर देश और समाज की खुशहाली की कामना की। अक्षय तृतीया पर श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने गंगा पूजन के उपरांत प्राथमिक विद्यालय की कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन प्रसाद वितरित किया। इस दौरान श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में अक्षय तृतीया को एक अत्यंत शुभ और मंगलकारी तिथि माना गया है। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना किसी विशेष मुहूर्त के किया जा सकता है। अक्षय तृतीया को मां गंगा, भगवान शिव, भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गंगा स्नान करने का भी विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया को गंगा स्नान करने और पितरों के निमित्त पिंड दान व तर्पण करने से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने चारधाम यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में स्थित चारों धाम सनातन धर्म का गौरव हैं। चारधाम यात्रा को सकुशल संपन्न कराने और यात्रीयों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु उत्तराखंड के अतिथी हैं। सभी राज्यवासियों को चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने के साथ उनका सहयोग करना चाहिए।

समस्याओं के निवारण को सरकार प्रतिबद्ध: बहुगुणा

■ कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने धारचूला में जन समस्याओं का किया निराकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। अपने दो दिवसीय जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मंगलवार शाम धारचूला पहुंचे, जहां स्थानीय जनता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री ने धौली निकेतन तपा.वन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेते हुए समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।

कैबिनेट मंत्री द्वारा दूसरे दिन बुधवार को धारचूला ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया, जहां पर स्थानीय जनता द्वारा उन्हें पारंपरिक पगड़ी व छिपला केदार मंदिर की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्थानीय मत्स्य पालकों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ अर्जित करने तथा अच्छी आय होने से उत्साहित होकर मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर अभिवादन किया गया। रं कल्याण संस्था के पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मौके से ही अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के निस्तारण हेतु की जा रही कार्रवाई से अवगत करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि थापा ने नगर में गो सदन के लिए आर्थिक स्वीकृति देने तथा टैक्सी स्टैंड निर्माण के लिए पशुपालन की भूमि को नगर पालिका को हस्तांतरित करने की मांग की। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि स्थानीय पशु, मत्स्य पालकों के साथ सरकार निरंतर बैठकों के माध्यम से चर्चा कर रही है एवं उनसे निरंतर जानकारी ली जा रही है, जिससे सरकार अपनी आगामी योजनाओं को और बेहतर तरीके से लागू कर सकें। उन्होंने आदि कैलाश यात्रा मार्ग के संबंध में स्थानीय लोगों के द्वारा बताई गई परेशानियों के समाधान के लिए शीघ्र मुख्यमंत्री से मुलाकात करने तथा उन्होंने आदि कैलाश यात्रा के लिए पुनः जनपद भ्रमण पर आने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र बुदियाल ने किया। इस दौरान राज्य मंत्री अशोक नबियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, रुकुम बिष्ट, संदीप बोरा, कैलाश धामी, महेश गर्ब्याल,राजेश्वरी देवी, बेला शर्मा, लीला धामी, राधा मर्तोलिया, हीरा गुंज्याल आदि मौजूद रहे।

विवाह में बाधा बन रही प्रेमिका की काट दी गर्दन

■ युवती की सिर कटी लाश मिलने से मच गया हड़कंप

■ पुलिस ने युवती का धड़ तो बरामद कर लिया पर सिर का नहीं लगा पता

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। विवाह में बाधा बन रही प्रेमिका की प्रेमी ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने युवती का धड़ बरामद कर लिया है तथा सिर नहीं मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नदंना काली पुलिया अंडर पास के युवती की सिर कटी लाश मिलने से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सितारगंज के ग्राम गौरीखेड़ा निवासी 25 वर्षीय मुस्ताक अहमद पुत्र अली अहमद का बंगाली कालौनी नानकमत्ता निवासी 32 वर्षीय पूजा विश्वास की मुलाकात रुद्रपुर रोडवेज स्टेशन में हरियाणा जाते वक्त हुई। जहां से दोनों में प्रेम-प्रसंग हो गया। पूजा अपनी बहन के साथ हरियाणा में स्पा सेंटर में काम करती थी। दोनों में प्रेम-प्रसंग होने के बाद वह गुड़गावं हरियाणा चले गए और वहां वह लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। वहीं मुस्ताक कैब चलाने लगा। इसी बीच मुस्ताक अपने घर आया और नवंबर 2024 में दूसरे से शादी कर ली। लिव इन रिलेशनशिप में रह रही पूजा को जब पता चला कि मुस्ताक ने दूसरी शादी कर ली है तो वह उसके घर पहुंची और उसने शादी का विरोध किया तो मामले में पंचायत भी हुई। इसके बाद मुस्ताक लिव इन रिलेशनशिप में रह रही पूजा को इस्लाम नगर खटीमा में अपने बहन के घर लेकर आया। 16 नवंबर 2024 को वह पूजा को नदंन्ना काली पुलिया अंडर पास नहर के पास ले गया। जहां उसने उसकी गला काटकर हत्या कर दी और धड़ को चादर में लपेट कर तथा सिर को कट्टे में डालकर नहर में फेंक दिया। पूजा की छोटी बहन पूर्मिला ने जब बहन के कई दिनों तक न आने पर अपने परि.

जनों को बताया। परिजनों ने उसे बताया कि वह इधर नहीं है। इस पर युवती के परिजनों ने सितारगंज कोतवाली में पुत्री के लापता होने की सूचना दी, लेकिन गुमशुदगी दर्ज नहीं की गई। स्पा सेंटर में काम कर रही उसकी बहन पूर्मिला ने 19 दिसंबर 2024 को गुड़गांव सेक्टर तीन हरियाणा थाने में बहन की गुमशुदगी दर्ज कराई। हरियाणा पुलिस ने मामले की जांच करते हुए लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे मुस्ताक को बुधवार को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। मामले की जांच पड़ताल करते हुए हरियाणा पुलिस मुस्ताक को सितारगंज से खटीमा थाने लेकर आई। जहां कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। मुस्ताक की निशानदेही पर चादर में लिपटी सिर कटी पूजा की लाश बरामद हुई। कट्टे में बांध कर फेंके गए सिर की पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन सिर बरामद नहीं हो पाया। मृतका पूजा विश्वास के भाई सुभाष ने शव की शिनाख्त दुपट्टे से की। पुलिस ने सिर कटे धड़ को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल दसौनी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों की लापरवाही से जल जीवन मिशन योजना का बुरा हाल

■ पचास गांव के सर्वे में केवल 11 गांव को ही मिल रहा है पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

जसपुर। जल जीवन मिशन योजना के तहत मिलने वाले पानी की समस्या को लेकर सांसद ने डीएम उधम सिंह नगर को पत्र लिखा है। पूर्व में पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने भी 50 गांव का आंकड़ा एकत्र कर संसद को योजना की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था।

जल जीवन मिशन योजना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है, लेकिन अधिकारियों की मिली भगत के चलते जल जीवन मिशन योजना का अधिकतर गांव में बुरा हाल है। धरातल पर स्थिति दयनीय है कई जगह पर अभी तक पानी बहुत कम मात्रा में पहुंच रहा है। ऊपर से बनी बनाई साफ सुथरी सड़कें खोद कर डाल दी गई है, जिससे सड़कों की हालत खराब हो गई है।

योजना का हाल यह है कि कहीं लीकेज है तो कहीं कनेक्शन नहीं हुए तो कहीं पानी कम आने की शिकायत मिली। क्षेत्र के 50 गांव का आंकड़ा एकत्र कर पूर्व विधायक वह भाजपा नेता डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने संसद को ग्राम बार स्थिति से अवगत कराया था 10 माह में उनका यह दूसरा सर्वे था। उन्होंने जून 2024 में इन 50 गांव का सर्वे कराकर रिपोर्ट मुख्यमंत्री धामी को भी सौंपी थी। उसके बाद भी कार्यवाही अमल में नहीं आई तो अब नए आंकड़ों के साथ सांसद को अवगत कराया गया। सांसद अजय भट्ट ने बताया कि पूर्व विधायक के पत्र पर दम उधम सिंह नगर को तत्काल हजम के तहत पेयजल उपलब्ध कराने को कहा गया है।

अब तक केवल 11 गांव को ही मिल सका पानी

पूर्व विधायक ने सांसद को बताया कि 50 गांव के सर्वे में केवल 11 गांव को ही पानी मिल रहा है, इनमें गूलरगोजी , देवीपुरा , तालबपुर अमिया वाला ,वीर पूरी, निजामगढ़ ,कलिया वाला , ध्यान नगर ,नारायणपुर ,किलावली व गणेश. पुर शामिल हैं। इसके अलावा 27 गांव में सड़के पूरी तरह से खराब हो गई है। नौ गांव में लीकेज की समस्या है। सात गांव में पानी की आपूर्ति कम है। लीकेज से ग्रामीण परेशान है उन्होंने इसे जल्द ठीक करने की मांग की है।

मौके पर गांवों में मिली निम्न समस्याएं

श्यामनगर, आमका, बढ़ियौवाला ,नवलपुर, पतरामपुर, रायपुर, मुरली वाला ,महुआ डाबरा में नई टंकी का पानी शुरू नहीं हुआ। बैलजुड़ी, कुंडा ,राजपुर ,शिवराजपुर में कनेक्शन कम हुए और सड़के टूटी हुई है। कासमपुर में टैंक पूरा नहीं हुआ। लालपुर, बाबरखेड़ा ,रहमापुर,निवार मुंडी में पानी कम आ रहा है। मंडुवाखेड़ा व संन्यासियोंवाला में पानी नहीं आ रहा। हजिरों में लाइन टूटी पड़ी है गढीनेगी में अभी लाइन ही नहीं पड़ी। हरियावाला में गंदा पानी आ रहा है। पूर्व विधायक ने सांसद अजय भट्ट से जनहित में पेयजल व्यवस्था सुचारु करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की।

एडमिशन लेने पहुंची दूरस्त खिरद्वारी गांव की छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

टनकपुर। राज्य सरकार द्वारा वनराजी समुदाय के उत्थान लिए समय-समय पर विशेष पहल की जा रही है। जिसमें उन्हें भूमि अधिकार प्रदान करना, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना शामिल है।

वनराजी समुदाय को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) में शामिल किया गया है और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में वनराजी समुदाय की दो बालिकाओं ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 में एडमिशन लिया है। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन जनपद चंपावत के खिरद्वारी गांव की वन राजी समुदाय की बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य लंबे समय से प्रयासरत था।

कहा कि इस समुदाय की बालिकाएं दुर्गम क्षेत्र से बाहर निकलकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करें साथ ही सरकार द्वारा बालिका शिक्षा के प्रति प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य संवार सके। आज बुधवार को खिरद्वारी गांव

से कक्षा 9 में एडमिशन लेने पहुंची छात्रा बीना व सरू का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वार्डन ने बताया कि इन बालिकाओं के माता-पिता दुर्गम में रहकर खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बालिकाओं के दाखिले में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका चंद्रकला पोखरिया का विशेष योगदान रहा। बताया कि इस समय विद्यालय में पर्वतीय जिलों की 150 बालिकाए शिक्षा ग्रहण कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपदभर में होंगे योग कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

चम्पावत। आज एक मई से 20 जून 2025 तक विकास खण्ड स्तर एवं समस्त आयुर्वेदिक चिकित्सालयों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विविध योग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आमजन को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराना तथा उन्हें योग को अपनी दैनिक जीवनशैली में सम्मिलित करने हेतु प्रेरित करना है। मुख्य आयोजन 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्पन्न होगा। इस अवधि में सामूहिक योगाभ्यास सत्र, योग प्रतियोगिता,योग मैराथन,योग महाकुम्भ,योग सम्बन्धी भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, जन जागरूकता एवं विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एक नजर

लालकुआं पुलिस ने गदरपुर में फिल्मी स्टाइल में दूसरे युवक को उठाया, फिर छोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

गदरपुर। नगर के बीचों-बीच में एक अजब गजब तरह का मामला सामने आया है। लालकुआं पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में मिलते जुलते नाम के दूसरे व्यक्ति को गलती से सरे बाजार उठा लिया और अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलने पर नगर के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि एक घंटे बाद पकड़े गए युवक को छोड़ दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरिफ निवासी डॉगपुरी आरिफ ने बताया कि मंगलवार रात्रि लगभग 8:00 बजे वह अपनी पत्नी की दवाई लेकर घर जा रहे थे। तभी सरकारी अस्पताल के पास एक निजी वाहन में सिविल ड्रेस में कुछ लोगों ने उन्हें जबरदस्ती उठा लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते वह लोग उसको पकड़ कर वहां से ले गए और अभद्रता करते हुए पूछताछ की। आरिफ ने बताया कि उनके पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि वह लालकुआं थाने से गदरपुर आए हैं और गलती से आरिफ को उठा लिया। हालांकि उठाने के लगभग एक घंटा बाद सकुशल थाना गदरपुर में आरिफ को छोड़ दिया गया। रात्रि लगभग 8:00 बजे फिल्मी स्टाइल में एक युवक को उठाने से शहर में चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया और लोगों/ परिजनों में अफवाह मच गई कि एक युवक किडनैप हो गया है। हालांकि एक घंटे बाद आरिफ के सकुशल घर पहुंचने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि लालकुआं से पुलिसकर्मी आए थे और गलती से दूसरे युवक को ले गए थे, बाद में उसको थाने लाकर छोड़ दिया गया।

> लालकुआं से कुछ पुलिस कर्मी गदरपुर किसी एक युवक को हिरासत में लेने के लिए गए थे। पकड़े गए युवक का आरिफ था। पूछताछ में पता चला कि जिसे पकड़ने गए थे वह भी मिलता जुलता नाम का युवक था और गलती से इस आरिफ नाम के युवक को उठा लिया था, बाद में उसे सकुशल वापस छोड़ दिया गया।
> **सोमेंद्र प्रभारी लालकुआं**

एक मई से अमेजन इंडिया ग्रेट समर सेल 2025 होगी शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून । अमेजन इंडिया ने अपनी अपकमिंग ग्रेट समर सेल के लिए ब्लॉकबस्टर डील्स का ऐलान कर दिया है, जो 1 मई 2025 को दोपहर से शुरू होगी। "सैमसंग एआई के सहयोग से आयोजित ये बहुप्रतीक्षित सेल, इस सीजन में खरीदारों को खुश करने के लिए प्रमुख ब्रांड्स से शानदार डील्स की रेंज लेकर आ रही है। ग्राहक सैमसंग एआई और इंटेल से प्रीमियम टेक्नोलॉजी, सैमसंग अप्लायंसेज और टीवी, टीसीएल, और हाईसेंस से लेटेस्ट होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन्स, साथ ही टाटा प्रोडक्ट्स, मसल ब्लेज, वोलिनी, एचयूएल, केलॉग्स, और बोट जैसे भरोसेमंद उपभोक्ता उत्पादों पर शानदार ऑफर्स को हासिल कर सकते हैं।

अमेजन पे शॉपिंग, टिकट बुकिंग या बिल भुगतान करते समय 5,000 रुपए तक के बंपर पुरस्कार हासिल करें, जिसमें पहली, पांचवीं और दसवीं ट्रांजैक्शन पर स्पेशल ऑफर्स हैं. प्राइम मेंबर्स जो अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं, वो अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक और 2,500 रुपए तक के वेलकम रिवॉर्ड्स का फायदा ले सकते हैं। सेल में फ्लाइट बुकिंग्स पर 20% तक और होटल्स व होमस्टे पर 35 प्रतिशत तक की बचत भी दी जा रही है। योग्य कस्टमर्स अमेजन पे लेटर के जरिए 60,000 रुपए तक का इंस्टेंट क्रेडिट ले सकते हैं।

निर्माण कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

पिथौरागढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी ने बताया कि ओगला-भागीचौरा-पश्मा हंस.श्वर मोटर मार्ग जिसका निर्माण PMJSY सिंचाई खंड पिथौरागढ़ द्वारा phase 3 के तहत कराया जा रहा है। करीब चार महीने पुराना एक वीडियो, इस निर्माण से संबन्धित, सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था। इसमें यहां पर कॉजवे पर घटिया गुणवत्ता वाले काम की जानकारी दी गई थी।

उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी डीडीहाट को उक्त स्थल का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी डीडीहाट, तहस.ीलदार डीडीहाट, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग डीडीहाट तथा सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा 16 किमी लंबी सड़क चौड़ीकरण, सुरक्षा दीवार और कॉजवे बनाने में प्रयुक्त सामग्री सहित निर्माण कार्य की गहन जांच की गई। तदोपरांत प्रकरण की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत की गई, जिसमें उक्त कार्य नियमानुसार, गुणवत्ता पूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पाया गया। बता दें कि यह सड़क 16 किमी लंबी है और चौड़ीकरण, सुरक्षा दीवार और कॉजवे बनाने का काम यहां चल रहा है। जांच के अनुसार काम गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पाया गया है।

डा. सैनी ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के साथ पूरे हों। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खबर का असर: नींद से जागा नगर पंचायत नानकमत्ता , कराया छिड़काव

■ अधिकारी ठाठ के चलते नगर की साफ सफाई व्यवस्था रहती हैं चौपट



शाह टाइम्स संवाददाता

नानकमत्ता । नगर में मच्छरों के बढते प्रकोप तथा नगर पंचायत द्वारा कीटनाशक का छिड़काव ना कराये जाने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करते ही नगर पंचायत नानकमत्ता नीद से जाग गया। खबर के बाद नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नगर में ट्रैक्टर ट्राली वाहन से छिड़काव किया गया।

बता दें कि नगर पंचायत नानकमत्ता की घोर लापरवाही से नगर में कीटनाशक का छिड़काव ना कराने के कारण यहा नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू मलेरिया फैलने की आंशका बनी हुई है। मामले में खबर के प्रकाशन के बाद नगर पंचायत नानकमत्ता में खलबली का माहौल बन गया। आनन-फानन में बुधवार की दोपहर को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली वाहन से छिड़काव कर खानापूर्ती की गयी है। गौरतलब रहे की नगर पंचायत नानकमत्ता में तैनात अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर की साफ सफाई व्यवस्था को चाक चौबन्द कराने की ओर कोई ध्यान नहीं है। ना ही नगर के लोगों के स्वास्थ्य की परवाह है। यहां बिना शिकायत किए किसी भी समस्या का ना तो हल है ना कोई समाधान। लोगों को मजबूरन साफ सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत करनी पड़ती है। नगर पंचायत का आलम यह हैं कि यहां मानक से अधिक सफाई कर्मचारी तो भर रखे हैं, लेकिन अपने अधिकारी ठाठ के चलते उनसे काम नहीं लिया जाता है। जिस कारण नगर में अव्यवस्था बनी हुई है। मानक से अधिक कर्मचारियों को रखकर नगर पंचायत नानकमत्ता उन्हें वेतन देकर सरक.ारी धन का दुरुपयोग तो कर ही रहा है साथ ही सरकार के स्वच्छता अभियान को पलीता भी लगा रहा है।

सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए चार नए प्रोडक्ट्स

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून/रुद्रपुर। लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने आज चार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्यू 1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेजी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेजी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाजार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है।

सूखा पेड़ दे रहा हादसे को दावत

शाह टाइम्स संवाददाता

टनकपुर। ग्राम पंचायत मनिहारगोठ गांव के कब्रिस्तान व प्राथमिक स्कूल के पास एक विशाल सूखा पेड़ मौत को दावत दे रहा है। पेड़ का तना बिल्कुल सड़ता जा रहा है। हालांकि विशाल सूखा पेड़ स्कूल व मेन रास्ते से बिल्कुल सटा हुआ है।

ग्रामीण सहित स्कूल के हेडमास्टर इसकी सूचना वन विभाग को एक वर्ष पूर्व कई बार दे चुके हैं, लेकिन अभी तक पेड़ की कटाई नहीं हुई है। जिससे कोई बड़ा हादसा होने का डर बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीण मोहम्मद रफीक, शाहिद हुसैन ने बताया कि इसकी सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। वन विभाग द्वारा पेड़ नहीं

कटवाने से क्षेत्र के लोगों में नारजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर स्कूल बच्चे सहित ग्रामीण भी आवागमन करते हैं। जिसके चलते हर समय अनहोनी का खतरा बना हुआ है। इस संबंध मे ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पेड़ कटवाने की मांग की।

बाल विवाह के खिलाफ शुरू किया देशव्यापी अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में सामाजिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के उधम सिंह नगर सहयोगी संगठन इंस्टीट्यूट आफ सोशल डेवलपमेंट द्वारा शहीद उधम सिंह सभागार विकास भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु को शामिल करते हुए अक्षय तृतीया के देशव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया।

धर्मगुरु ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाते हुए बाल विवाह की सूचना विभाग को साझा करने को निर्देशित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा 112 की सहायता के बारे मे बताया।

पूर्व प्रधानाचार्य पार्वती देवी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वह साढ़े 13 वर्ष की थी तभी उनका विवाह कर दिया गया था। महिलाओं की स्थिति को देखते हुए उसी समय उन्होंने ठाना कि न सिर्फ मुझे सशक्त होना है, बल्कि मेरी जैसी स्थिति की अन्य बालिक.ाओं को भी मुझे मार्गदर्शन करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह का शारीरिकए मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। एक अपरिपक्व मां कुपोषित बच्चों को जन्म देती है जिससे मां और बच्चा दोनों का जीवन खतरे में पड़ जाता है ऐसी बालिकाओं की गर्भावस्था भी हाई रिस्क में रहती है।

आईएसडी के अध्यक्ष डा. अमित कुमार श्रीवास्तव ने एक्सेस टू जस्टिस के द्वारा जनपद में बाल विवाह एवं बाल मजदूरी के लिए

किए गए पहल एवं भविष्य में साथ में टीम भावना से काम करने के लिए उधम सिंह नगर को बाल विवाह मुक्त करने के लिए सभी से आवाहन किया साथ ही बाल विवाह में दंड के प्रावधानों की जानकारी दी।

आईएसडी की परियोजना निद.ेशक विदु वासिनी ने बताया कि विकसित भारत स्वप्न तभी संभव है, जब भारत बाल विवाह मुक्त हो अभी भी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पांच के आंकड़ों के अनुसार 23.3 प्रतिशत बाल विवाह हो रहे हैं। किसी भी धर्म में वैवाहिक कार्यक्रम बिना धर्म गुरुओं के संपादित नहीं होता है। यदि धर्मगुरु बाल विवाह की भावावयता को समझें और ऐसे वैवाहिक कार्यक्रमों का बहिष्कार करें तो बहुत जल्दी बाल विवाह पर लगाम लगाया जा सकता है। कार्यशाला में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, चाइल्डलाइन बाल कल्याण समिति आशा, कार्यक्रम के पदाधिकारी, पदाधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, आशा नेगी, सुपरवाइजर रीता एवं आईएसडी के कार्यकर्ता प्रेम, रईस, रविंद्र, आरती एवं आंगनबाडी कार्यकत्री बबली सरकार, रुचिता मलिक आदि ने प्रतिभाग किया।

दीपा थापा बनीं कर्मचारी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती,सेविका, मिनी कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में नगर पालिका ऑडिटोरियम में संगठन की बैठक हुई। जिसमें जनपद नैनीताल की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सेविकाओं द्वारा संगठन के विभिन्न कार्यों के प्रति अपने सुझाव रखे गए। इस अवसर पर कार्यकत्रियों व सेविकाओं द्वारा धारी ब्लॉक की रेखा आर्य को जिला अध्यक्ष व रामनगर ब्लॉक से निर्विरोध दीपा थापा को ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनीता चौहान ने ब्लॉक उपाध्यक्ष दीपा थापा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसमें सभी कार्यकत्री व सेविकाओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी की स्वीकृति पर निर्विरोध दीपा थापा को रामनगर ब्लॉक की अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चंदोला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनपा, कोषाध्यक्ष प्रीति विद्यार्थी, सचिव ममता भंडारी, सदस्य पूनम गोला के नाम पर भी सभी ने स्वीकृती की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी, नीलम सैनी, सुरजीत कौर, शिला थापा, लक्ष्मी आर्या, दीपा आदि मौजूद थीं।

क्राफ्ट कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के परिषद के तत्वावधान में कौशल विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय क्राफ्ट कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास योजना के अंतर्गत छात्रों के भीतर छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना था, जिसके अंतर्गत घरों में पड़ी हुई बेकार सामग्री अर्थात रद्दी सामान से इस्तेमाल किए जा सकने वाले उत्पादों का निर्माण करना था । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर में पड़े बेकार और इस्तेमाल न किए जाने वाले सामान से ऐसे उत्पाद बनाना था, जिनका प्रयोग दैनिक रूप से किया जा सकेजैसे पेपर वेट ,पेन स्टैंड ,डायरी स्टैंड, सजावट का सामान, गुलदस्ते, वॉल हैंगिंग, कैलेंडर इत्यादि। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकायों के विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष कुमार द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। यहा डा. रीना सिंह, डा. नमिता, डा.मनीष बेलवाल, डा. रविंद्र सिंह नेगी, डीआर गु.रंदर सिंह, डा. रोमा गुहा, डा. हीरा अन्ना, डा. शांति चंद, डा. सोनिका रानी, डा. हेमा पांडे, डा. पिंकी भट्ट, डा. प्रशांत जोशी, डा. प्रवीण कुमार पांड, डा. अविनाश मिश्रा, डा.मनोज कश्यप, डा. जगवती , डा. रेखा पांडे एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

महिलाएं, बुजुर्ग थे निशाने पर

रामपुर के तीन चेन स्नैचरों को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। हल्द्वानी जैसे बड़े महानगर में रामपुर से आकर तीन अपराधी सुनसान जगहों पर महिलाओं तथा बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे थे।

दो हिस्ट्रीशीटर, एक सुनहार शामिल

पुलिस ने चैन स्नेचिंग की संगीन वारदातों को खुलासा कर तीनों अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पकड़े गए अपराधियों में एक छंटा हुआ बदमाश, दूसरा हिस्ट्रीशीटर और एक सुनहार शामिल है। तीनों के पास से एक पल्सर बाइक, सोने के दो पैंडेट बरामद हुए हैं। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में चैन स्नेचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि 18 और 20 अप्रैल को चौकी टीपी नगर और चौकी मंडी के अंतर्गत दो चैन स्नेचिंग की घटनाएं हुई थीं, जहां अज्ञात बाइक सवार बदमाश महिलाओं के गले से चैन झपटकर फरार हो गए थे। इन मामलों में 24 अप्रैल को थाना हल्द्वानी में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जिसके बाद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने रुद्रपुर, गदरपुर, लाल. कुआं और पंतनगर क्षेत्रों में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। लगातार प्रयासों के बाद 27 अप्रैल को टांडा बैरियर से फिरोज गांधी पुत्र नंद राम, निवासी पदमपुर, थाना मिलक, जिला रामपुर और मुन्ना उर्फ चुन्ना पुत्र दुनी, निवासी आगापुर ज्वालानगर, थाना सिविल लाइन, रामपुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर उमेश रस्तोगी पुत्र बनवारी लाल, निवासी ज्वालानगर, संचालक केआर ज्वेलर्स, थाना सिविल लाइन, रामपुर को भी गिरफ्तार किया गया, जिसने लूटे गए आभूषणों को खरीदकर अपराध में सहयोग किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी फिरोज गांधी के खिलाफ आपराधिक मुकदमे हैं जबकि मुन्ना रामपुर का हिस्ट्रीशीटर है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे पहले बाइक का नंबर निकालते हैं और फिर कम भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अकेली महिलाओं या बुजुर्गों को निशाना बनाकर चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देते हैं। लूटी गई ज्वेलरी को वे रामपुर में ज्वैलर को बेच देते हैं और उससे प्राप्त धनराशि आपस में बांट लेते हैं।

जंगल में लगी आग पर त्वरित काबू पाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। वन संरक्षक डा. विनय भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में बुधवार को पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर से प्राप्त सूचना के अनुसार के फतेहपुर रेंज के च्यूरागा. जा बीट में सूचना संबंधित क्रू स्टेशन द्वारा प्राप्त हुई संबंधित क्रू स्टेशन एवं स्टाफ द्वारा भरसक प्रयास करते हुए आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि वन विभाग एवं जिला प्रशासन की टीमों द्वारा वनाग्नि को नियंत्रित किया गया है। इसके अलावा वन संरक्षक ने बताया कि पश्चिमी तराई पूर्वी वन प्रभाग, तराई पश्चिमी वन प्रभाग, दक्षिणी कुमाऊॅ नैनीताल वन प्रभाग, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, नैनीताल में वनाग्नि की कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। उन्होने स्थानीय जनता से अपील की है कि वन क्षेत्र में कोई भी अग्नि दुर्घटना होने पर विभागीय टोल फी नम्बर 18001804141, आपदा कन्ट्रोल रूम 05942-231179, पश्चिमी वृत्त 05946-220003 एवं दक्षिणी वृत्त 05946-235452 पर सूचना दे सकते हैं।

दो समुदायों के बीच पथराव

सात लोग गिरफ्तार, बनभूलपुरा में पुलिसफोर्स तैनात

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में देर रात दो समुदाय के परिवार आमने-सामने आ गए। मामूली बात पर शुरू हुई कहासुनी पहले जमकर मारपीट हुई। पुलिस पहुंची और मामला शांत कराकर वापस लौट गई, लेकिन पुलिस के जाते ही दोनों पक्ष के लोग फिर आमने-सामने आ गए। पहले एक-दूसरे पर फिर एक-दूसरे के घरों पर जमकर पत्थराव किया। जिसके बाद भारी पुलिस बल और आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह हालात को काबू किया गया।

मामले में किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी तो पुलिस खुद वादी बनी और 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल दो लोग घायल भी हुआ है। यह घटना मंगलवार रात करीब पौने 10 बजे कब्रिस्तान गेट सफदर का बगीचा में शुरू हुई। यहीं रहने वाले मो.सारिक अंसारी ने पुलिस को फोन कर बताया कि उन्हें कुछ लोग पीट रहे हैं। आनन-फानन में चीता पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब विवाद शांत हो चुका था। हालांकि वहां भीड़-भाड़ थी। सारिक ने बताया कि नशे की हालत में दो लोग उससे विवाद कर रहे थे, जो गांधीनगर की ओर भाग गए। वहां मौजूद भीड़ को पुलिस ने समझा-बुझाकर घर भेजा और सारिक को अपना मोबाइल नंबर देकर वापस लौट गई। करीब साढ़े 10 बजे पुलिस के पास फिर फोन आया और कॉलर ने बताया कि कुछ लोगों ने पथराव कर दिया है। नई बस्ती कब्रिस्तान गेट निवासी कुनार सागर ने पुलिस कोफोन कर बताया कि तारिक और मोइन नाम के लड़कों ने उसे चाकू मार दिया है। हालांकि वह सुरक्षित है। यह विवाद दो समुदाय के दो परिवार के बीच था। इसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमलावर हो गया। न सिर्फ एक-दूसरे पर पथराव किया, बल्कि घरों को भी निशाना बनाया। भारी बवाल की खबर पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में सीओ सिटी नितिन लोहनी भी पहुंच गए। किसी तरह भीड़ को तितर-बितर कर मामला शांत कराया गया। हालांकि घटना के बाद कोई पक्ष तहरीर लेकर सामने नहीं आया। पथराव में घटना में शामिल सत्यकाम उर्फ गबरू और कुनाल सागर घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक विवाद करने वाले पक्ष प्रथम पक्ष में शारिक अंसारी पुत्र मो. रफीक अंसारी, मो. तारिक अंसारी पुत्र मो. रुीक अंसारी निवासी उपरोक्त, मो. कामिल अंसारी पुत्र मो. रफीक अंसारी निवासी उपरोक्त, शादाब अंसारी पुत्र मो. रफीक अंसारी निवासी उपरोक्त, अदनान अंसारी पुत्र मो. रफीक अंसारी हैं। सभी कब्रिस्तान गेट सफदर का बगीचा बनभूलपुरा के रहने वाले हैं। जबकि दूसरे पक्ष में कुनाल सागर पुत्र अज्ञात निवासी नई बस्ती कब्रिस्तान गेट वार्ड न 27 बनभूलपुरा, अजय उर्फ लारा पुत्र अज्ञात निवासी वार्ड नंबर 27 गांधीनगर बनभूलपुरा, शुभम सागर पुत्र डालचन्द्र सागर निवासी कब्रिस्तान गेट वार्ड नंबर 27 भीमनगर बनभूलपुरा, सत्यकाम उर्फ गबरु पुत्र हरीश निवासी वार्ड नंबर 27 गांधीनगर बनभूलपुरा, रोहन पुत्र विमल निवासी नई बस्ती कब्रिस्तान गेट बनभूलपुरा और अश्वनी कुमार पुत्र अज्ञात निवासी वार्ड नंबर 27 गांधीनगर बनभूलपुरा हैं। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि थाने के कांस्टेबल मो.अतहर की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ धारा 115, 119(2) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि बाकी चार की तलाश की जा रही है।

पार्षद प्रतिनिधि ने छवि धूमिल करने का आरोप लगाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्ड-52 के पार्षद प्रतिनिधि उमेश बिनवाल ने उनकी व्यक्तिगत और राजनीतिक छवि को साजिशन नुकसान पहुंचाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए मुखानी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। श्री बिनवाल ने बताया कि कमल चंद्र कफल्टिया नामक एक फेसबुक आईडी से एक पोस्ट शेयर की गई है, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम का दुरुपयोग करते हुए कमल कफल्टिया को गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने वाली ऑडियो क्लिप वायरल की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायरल ऑडियो में ना तो आवाज उनकी है, ना ही वह मोबाइल नंबर 7983701915 उनका है, जिससे कॉल किए जाने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित साजिश है, जिसके माध्यम से उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उमेश बिनवाल ने आरोप लगाया कि कमल चंद्र कफल्टिया ने बिना किसी तथ्य या सत्यता की जांच किए सोशल मीडिया पर उनकी फोटो भी गलत तरीके से प्रदर्शित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा और राजनीतिक छवि को ठेस पहुंची है। बिनवाल ने थाना प्रभारी को सौंपे गए पत्र में मांग की है कि उनके नाम का दुरुपयोग करने वाले व्यक्ति की मोबाइल नंबर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाए और कमल कफल्टिया के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जाए। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है और जांच प्रारंभ कर दी गई है।

पाठ्य पुस्तकें बांटीं

हल्द्वानी। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लक्ष्मपुर में सहायक अध्यापिका स्व. रेखा जोशी की स्मृति में जरूरत केयर फाउंडेशन ने जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों को पठन-पाठन के लिए निशुल्क कॉपियां और स्टेशनरी का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शमशुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि स्व. रेखा जोशी अपने स्वयं के पैसों से कुछ बच्चों की फीस भी भर दिया करती थी और जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक मदद करती थी। आज उनके इस कार्य को उनके परिवार के सदस्य आगे बढ़ा रहे है, जो बेहद सराहनीय काम है। इस दौरान दिनेश जोशी, त्रिलोक तिवारी, अब्दुल रहीम, भागीरथी, कविता भट्ट, हेमलता तिवारी, सावितेश गुरुरानी, जानकी तिवारी, गिरीश चंद्र पांडे, बालकिशन भट्ट, चेतन भगत, रोहन, जसवंत सिंह रावत, विमला त्रिपाठी, चेतना त्रिपाठी मौजूद रहे।

खेत में मिली बच्ची, परिजनों को दुष्कर्म की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। रात मां के साथ सोई महज आठ साल की बच्ची का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया और मां को इसकी भनक तक नहीं लगी। मां की आंख खुली तो बच्ची गायब थी। उसकी तलाश शुरू हुई तो घर से कुछ दूरी पर बच्ची खेत में पड़ी मिली। परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस मामले में जांच और मेडिकल की बात कह रही है। यह घटना मंगलवार रात हल्द्वानी कोतवाली की टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुता. बिक यहां एक परिवार मजदूरी कर गुजर बसर करता है। बुधवार को बच्ची की मां पुलिस के पास पहुंची और बेटी का अपहरण किए जाने की बात कही। बताया कि उसकी आठ साल की बेटी कक्षा दो की छात्रा है। मंगलवार रात वह बेटी के साथ सोई थी। इसी दौरान अज्ञात लोग उसके घर में घुसे और बेटी का अपहरण करके ले गए। जब वह सुबह उठी तो बेटी बिस्तर से गायब थी। आरोप है कि खोजबीन करने के बाद बेटी घर के पास मक्के के खेत में पड़ी मिली। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पुलिस के अधिकारी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंच गए। सीओ ने अपहरण की बात तो स्वीकार की, लेकिन उनका कहना है कि दुष्कर्म की पुष्टि मेडिकल के बाद ही होगी। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा लिखा गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सेवानिवृत्ति पर विदाई

हल्द्वानी। हेड कांस्टेबल खीम सिंह और हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा पुलिस बहुउद्देशीय भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खीम सिंह ने 16 वर्ष और विज. ेंद्र सिंह ने 23 वर्षो से अधिक की सेवा पूरी की। कार्यक्रम की शुरुआत डीजीपी दीपम सेठ के विशेष संदेश से हुई। एसएसपी ने दोनों कर्मियों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और स्वस्थ, सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी समेत अन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और सेवा. निवृत्त कर्मियों के परिजन रहे।

दो परिवारों में विवाद, एक-दूसरे पर एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में दो परिवारों के बीच विवाद हो गया। मारपीट हुई और पथराव हुआ। मामले में दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांधीनगर वार्ड 27 निवासी पूनम पत्नी स्व. मंगल ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र नरेन्द्र कुमार 9 अप्रैल की रात घर के बाहर से आवारा कुत्तों को भगा रहा था। आरोप है कि पड़ोसी संजय उर्फ चीता ने इसका विरोध किया और गाली-गलोज करते हुए नरेंद्र को पीटने लगा। पूनम बचाव में आई तो चीता के घरवाले वीर, रेशब, राजा, अक्षय, महेन्द्र, सोनी, तन्नू और पुष्पा ने उन्हें पीटा और पथराव कर दिया। चीता ने पूनम के बेटे चंचल की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर सोने की चेन लूट ली। घटना में पूनम, उनका बेटा चंचल, नरेन्द्र और बहू नीरज घायल हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से गांधीनगर वार्ड 27 निवासी सोनी पत्नी संजय का आरोप है कि नरेन्द्र पुत्र मगंल घर की महिलाओं को देखकर घर में घुसता है। घटना के रोज नरेन्द्र, चंचल, विनोद पत्नी नीतू, चंचल की पत्नी विनीता व अन्य परिवार वालों ने उनके और उनके परिवारवालों के साथ गाली-गलौज, मारपीट की। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

नानी को अल्मोड़ा छोड़कर लौट रही युवती को कार ने कुचला

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बीमार नानी को अल्मोड़ा छोड़ कर वापस मामा के पास दिल्ली जा रही युवती भयावह हादसे का शिकार हो गई। रोडवेज बस में सवार युवती रास्ते में उतरी और सड़क पार करते वक्त एक कार की चपेट में गई। जोरदार टक्कर से वह सड़क पर गिरी और तभी तेजी से गुजरी दूसरी कार ने उसे कुचल दिया। हादसे में टक्कर मारने वाला कार चालक भी घायल हुआ है। अल्मोड़ा के पनुवानौला निवासी 24 वर्षीय गंगा गैड़ा के माता-पिता का कई साल पहले निधन हो चुका है। वह अपने मामा के घर दिल्ली रह रही थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही वह अपनी बीमार नानी को दिल्ली से अल्मोड़ा छोड़ने आई थी। मंगलवार को वह वापस बस से दिल्ली लौट रही थी। देर रात टीपी नगर चौकी क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित जायसवाल ढाबे के पास रोडवेज बस रुकी। गंगा बस से उतरी और कोल्ड ड्रिंक लेने दुकान की ओर चल पड़ी। तभी रामपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार टैक्सी कार ने गंगा को जोरदार टक्कर मार दी। गंगा बीच सड़क पर आ गिरी और पीछे से आ रही एक और कार ने उस कुचल दिया। घटना के बाद पहली कार ने कुछ और कारों को टक्कर मारी और सड़क किनारे गिर गई। घटना में कार सवार भी घायल हो गए। आनन-फानन में गंगा को डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि युवती के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। टैक्सी कार चालक भी निजी अस्पताल में भर्ती है।

संस्थागत विकास योजना पर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय (यूओयू) में एशियन विकास बैंक की तकनीकी सहायता के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थागत विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित करना है। कार्यशाला में एडीबी टीम के अध्यक्ष डा. पार्थ बनर्जी सहित विशेषज्ञों ने आईडीपी के रणनीतिक पहलुओं, आठ सक्षमकर्ताओं और गुणवत्ता विकास पर चर्चा की। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया, जबकि अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो. रेनू प्रकाश ने की। इस अवसर पर प्रो. जीतेंद्र पांडे, डा. केआर भट्ट, सूर्य प्रताप सिंह, और प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण सहित आईडीपी ड्राफ्टिंग समिति के सदस्य मौजूद रहे।

बच्चों को साहित्य की ओर प्रेरित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में आज हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को बच्चों के अंदर साहित्यिक अभिरुचि एवं नवीन रचना करने की प्रवृत्ति विकसित करने के उद्देश्य से बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में हेम महतोलिया, लक्ष्य जोशी, वैष्णवी कबड़वाल, रिद्धि कौशिक, तनुश्री चौधरी, प्रियांशी नगरकोटी एवं प्रशांत जोशी, जबकि सीनियर वर्ग में रिद्धिमा जोशी, दिव्यम तिवारी, याति जोशी, मुदित, चांदनी तिरुवा, प्रेरणा देवड़ी, दिशा थुवाल, सोनिया रस्तोगी, दीक्षिता पंत, आयुष चौहान, अर्जुन मेहता एवं चंद्रेश

जोशी को उनकी शानदार रचनाओं के लिए मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रांत अध्यक्ष अभा साहित्य परिषद सुनील पाठक, कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष अभा साहित्य परिषद डा. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि, सचिव बिपिन चंद्र पाण्डे ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संयोजिका इंद्रा तिवारी इन्दु ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मेलन का संचालन दिनेश पाठक एवं डा. प्रकाश बहुगुणा ने किया। इस मौके पर पूजा, निधि, दीपा जोशी, बीना, रमेश सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रो. केके पांडे उच्च शिक्षा निदेशक नियुक्त

शासन ने जारी किया नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। प्रदेश सरकार की ओर से प्राचार्य प्रो.कमल किशोर पांडे को उच्च शिक्षा विभाग में निदेशक के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया गया है। बता दें कि वर्तमान में प्रो. कमल किशोर पांडे उत्तराखंड राज्य के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने रसायन विज्ञान में एमएससी तथा पीएचण्डी की उपाधि प्राप्त की है। प्रो. पांडे शिक्षण क्षेत्र में पिछले 43 वर्षों से सक्रिय हैं जिनमें से 15 वर्षों से अधिक समय से वे प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रशासनिक अनुभव की बात करें तो इन्हें 14 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। इस अवधि में इन्होंने जैव प्रौद्योगिकी एवं संबद्ध विज्ञान विभाग के संस्थापक अध्यक्षए कुमाऊं विश्वविद्यालयए नैनीताल के कुलसचिव तथा उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक तथा विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। कुलसचिव के रूप में प्रो. पांडे प्रयास से कुमाऊं विश्वविद्यालय को यू-सेट के संचालन की अधिकृत मान्यता प्राप्त हुईए जिससे यह परीक्षा राज्य स्तर पर नेट के समकक्ष बन गई। प्रो. पांडे को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक व प्रशासनिक योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें उत्तराखंड विज्ञान पुरोधा सम्मान-2024, मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं सुशासन पुरस्कार -2021, देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान-2022 तथा डा. भक्तिदर्शन उच्च शिक्षा गौरव पुरस्कार -2021, प्राचार्य ऑफ द ईयर 2021 तथा शिक्षक आइकन अवार्ड-2021 तथा प्रताप भैया स्मृति पुरस्कार-2020 एवं भारत के शीर्ष 50 शिक्षाविदों में स्थान (2019) शामिल हैं। शोध व नवाचार के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन किया है इनके शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समीक्षीत शोध-जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। वे कई शोध.पत्रिकाओं के संरक्षक व संपादक मंडल में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रो. पांडे ने कुमाऊं विश्वविद्यालयए डीआरडीओ, आईआईटी दिल्ली तथा पंतनगर जैव प्रौद्योगिकी संस्थानए यू. कॉस्ट, नासी, फुलब्राइट व विज्ञान भारतीए आईईईई और नोबेल फाउंडेशन स्टॉकहोम जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर अनेक शैक्षणिकए शोध तथा विकासोन्मुख गतिविधियों का संच. ालन किया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ उटा ने प्रो. कमल किशोर पांडे की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डा. नीलू, डा. दीपक, डा. विजय कुमार, डा. संतोष कुमार, डा. अनिल बिष्ट तथा डा. पैनी जोशी, डा. उमंग सैनी तथा डा. दीपिका पंत व डा. रितेश साह ने शुभ कामनाएं दी हैं।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भंडारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। विप्र एकता ब्राह्मण उत्थान महासभा द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर परशुराम चौक मुखानी में भव्य पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया।

उन्होंने कहा कि यह पर्व ब्राह्मण समाज के लिए आस्था, गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। पंडित शर्मा ने इस अवसर पर सरकार से नाराजगी भी जताई और कहा कि यदि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक

अवकाश घोषित किया जाता, तो ब्राह्मण समाज को विशेष सम्मान की अनुभूति होती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा लगातार ब्राह्मण समाज की उपेक्षा की जा रही है, और समाज इसका उत्तर 2027 के चुनावों में देगा। भंडारे में नगर की कई प्रमुख हस्तियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, विनोद पाठक, तारु तिवारी, विकास शर्मा, हेमा पांडे, विपिन पांडे, डिंपल पांडे, अनुजकांत अग्रवाल, मीरा उनियाल, निशा वैला, हेमा मेलकानी, आलू मंडी अध्यक्ष कैलाश जोशी, लक्ष्मी फुलारा, मोहन कांडपाल, ज्योति अवस्थी, नितिन कोहली, पवन बिष्ट, योगिता बनोला एवं हर्षवर्धन पांडे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पत्नी से झगड़कर पति लापता

हल्द्वानी। पत्नी से झगड़े के बाद एक पति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना मार्च की है और तभी से वह लौट कर नहीं आया है। मुखानी पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मूलरूप से पीपलधार चौखुटिया अल्मोड़ा निवासी संजय जोशी पुत्र स्व.विश्वभर दत्त जोशी अपनी पत्नी भावना जोशी के साथ हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र स्थित कुसुमखेड़ा में किराए पर रहते थे। भावना ने पुलिस को बताया कि बीती 11 मार्च को उनका अपने पति से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वह घर से चले और फिर लौट कर नहीं आए। उन्होंने कई जगह पूछताछ की, लेकिन पता नहीं चला। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकरों की दरों का निर्धारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। शहर एवं सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निजी टैकरों द्वारा घरेलु उपयोग के लिए 500 रुपये और व्यवसायिक उपयोग के लिए 600 रुपये प्रति पेयजल टैंकर की दरों का निर्धारण किया गया है। बता दें कि हल्द्वानी एवं सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निजी टैंकर स्वामियों द्वारा पेयजल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की दरों के निर्धारण के लिए डीएम वंदना सिंह ने समिति का गठन किया है। समिति में उपजिलाधिकारी हल्द्वानी, नगर मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एवं नलकूप को नामित किया गया है।

बुधवार को नामित समिति ने निजी टैंकर स्वामियों के साथ बैठक की। बैठक में निजी टैंकरों के माध्यम से की जाने वाली जलापूर्ति की दरों के निर्धारण किया गया। जिन पेयजल टैंकरों की क्षमता 3 से 5 हजार लीटर है, प्रति टैंकर घरेलू उपयोग के लिए 500 रुपये तथा व्यवसायिक उपयोग के लिए 600 रुपये प्रति पेयजल टैंकर की दरों का निर्धारण किया गया है। बैठक में निजी टैंकर स्वामी बसंत ट्रेडर्स गौलापार, दिनेश सिंह बो. हरा चोरगलिया, योगेंद्र सिंह, मधु रावत नवाड़खेड़ा, जांगी इंटरप्राइजेज चोरगलिया गो. विंद बल्लभ जांगी, बीरपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद गौचर (चमोली)

पत्रांक 146/ न०पा०प० गौचर/वाहन क्रय/2025-26 दिनांक 29 अप्रैल 2025

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गौचर चमोली को मा० अध्यक्ष महोदय के सरकारी कार्यों के उपयोगार्थ एक डीजल चलित Toyata innova नवीनत्तम वाहन की आवश्यकता है। जिसके लिए पंजीकृत निजी वाहन स्वामियों/ ट्रैवल एजेन्सियों से दिनांक 19/05/2025 के उपराह्न 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है जो उसी तिथि सायं 4:00 बले तक निविदाताओं के समक्ष, गठित सिमिति द्वारा खोली जायेगी निविदा फार्म 17/05/2025 तक 50-200.00 (दो सौ मात्र) नगद भुगतान कर निकाय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अन्य सभी नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस को निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। व निविदा फार्म के साथ विस्तृत रूप दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गौचर-चमोली

अध्यक्ष नगर
नगर पालिका परिषद
गौचर-चमोली

IPL के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस प्रकाशन ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली, वार्ता। बच्चों की पत्रिका चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान पेश किए गए रोबोटिक स्वान का नाम 'चंपक' रखने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है।

आईपीएल की प्रचार गति. विधियों के तहत पेश किए गए एआई संचालित रोबोट स्वान को प्रशंसकों की वोटिंग के बाद 23 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर चंपक नाम दिया गया, जिसको लेकर बच्चों की पत्रिका 'चंपक' के प्रकाशक ने आपत्ति जताई और दावा किया कि यह नाम उसके पंजीकृत और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। बुधवार को मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने बीसीसीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को निर्धारित की। न्यायालय ने हालांकि नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए एकपक्षीय अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। वादी की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने दलील दी कि चंपक पत्रिका, जो अपनी पशु-आधारित कहानियों और पात्रों के लिए जानी जाती है, सभी पीढ़ियों के बच्चों के बीच एक घरेलू नाम रही है और बीसीसीआई द्वारा एक व्यावसायिक क्रिकेट आयोजन के दौरान रोबोट इकाई के लिए इस नाम का उपयोग करना स्पष्ट रूप से अनधिकृत उपयोग का मामला बनता है।

क्षेत्ररक्षण के दौरान रहाणे-अक्षर हुए चोटिल

केकेआर के कप्तान रहाणे को डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान लगी चोट

नई दिल्ली, वार्ता। दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गए मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए।

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा। केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ कोलकाता होना है।

खेल विशेष

जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जाएगा क्रिकेट

नई दिल्ली, वार्ता। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा कि खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन अभी तक मैच स्थल का चयन नहीं हुआ है। यह चौथी बार है जब क्रिकेट को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। इससे पहले 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन 2023 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया, तो मैचों को टी-20 प्रारूप का दर्जा दिया गया था। वर्ष 2023 में पुरुषों की श्रेणी में भारत ने स्वर्ण, अफगानिस्तान ने रजत और बंगलादेश ने कांस्य पदक जीता था।

छत्तीसगढ़ ने जीत से की विजय अभियान की शुरुआत

नारायणपुर, वार्ता। अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत के साथ अपने विजय अभियान की शुरुआत की। यहां रामकृष्ण मिशन-आश्रम मैदान (आरकेएम) में सुबह खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने अंडमान निक. ोबार को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। मैच के हीरो स्थानीय खिलाड़ी शशिकांत कुमेटी रहे। शशिकांत ने दो शानदार गोल कर अच्छे फार्म में होने का संकेत दे दिया है। उन्हें प्लेयर आफ दि मैच घोषित किया गया। तुषाल यादव ने भी दो गोल किए। छत्तीसगढ़ मैच में पूरे समय अंडमान निकोबार पर हावी रहा। मैच का पहला गोल खेल के 13वें मिनट में तुषाल यादव ने किया। इसके 12 मिनट बाद शशिकांत कुमेटी ने गोल किया। मध्यांतर के कुछ समय पहले तुषाल यादव ने अपना दूसरा व टीम के लिए तीसरा गोल किया।

एनआरएआई ने किया सनी थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त

नई दिल्ली, वार्ता। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने बुधवार को महान निशानेबाजी कोच प्रो- सनी थॉमस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केरल के कोट्टायम जिले के उझवूर में श्री सिंह देव ने कहा कि यह एक ऐसा खालीपन है जिसे भारतीय निशानेबाजी शायद ही कभी भर पाए। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्था समान थे और भारत आज निशानेबाजी में जो शक्ति बना है, वह उनके निस्वार्थ योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता।

फ्रांसिस्को ने किया उलटफेर ज्वेरेव हुए मैड्रिड ओपन से बाहर

जैकब अलेक्जेंडर को 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर पहुंचे

मैड्रिड, वार्ता। जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरिव को राउंड ऑफ 16 मुक. ाबले में उलटफेर का सामना करना पड़ा है वह अर्जेंटीना फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से हारकर मैड्रिड ओपन से बाहर हो गए है। स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुक. ाबले नहीं हो पाये थे। पुरुष वर्ग में मंगलवार को खेले राउंड ऑफ 16 के एकल मुकाबले में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरिव अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 5-7, 3-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। जबकि एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की, जबकि पॉल के साथी अमेरिकी फ्रांसेस टियाफो ने फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नोरी को ढाई घंटे में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यूनान के स्टेफानोस त्सित्सिपास ने 17वीं वरीयता प्राप्त इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी पर 7-5, 7-6 (3) से जीत हासिल सभी को चौका दिया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 7-6 (3) से हराया। महिला वर्ग की स्पर्धा में, पोलैंड की इगा को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच में हराया

मेहदी ने 104 रन बनाकर पांच विकेट भी चटकाए

चटगांव, वार्ता। मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिए। ब्रायन बेनेट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बांग्लादेश को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने वेस्ली मधेवेरे (शून्य) को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

टी त्सिगा (शून्य), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (10) और रिचर्ड एन्गारावा (पांच) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे के लिए बेन कर्रन ने सर्वाधिक (46) रनों की पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम दूसरी पारी में 46.2 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। इसी के साथ बांग्लादेश ने वापसी करते हुए दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 21 ओवर में 32 रन देकर पांच विकेट लिए। तैजुल इस्लाम ने 16-2 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट झटके। नईम हसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के सात विकेट पर 291 से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में विन्सेंट मसेकेसा ने तैजुल इस्लाम (20) को आउट जिम्बाब्वे को आठवीं सफलता दिलाई इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तनजीम हसन साकिब ने मेहदी हसन मिराज के साथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर बांग्लादेश को बड़ी बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान मेहदी हसन मिराज ने अपना शतक पूरा किया। वेस्ली मधेवेरे ने साकिब (41) को आउटकर इस साझेदारी का अंत कर दिया। बांग्लादेश का आखिरी विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। मेहदी हसन मिराज ने 162 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 104 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की पूरी टीम ने 129-2 ओवर में 444 रन पर समिट गई। इसी के साथ बांग्लादेश को जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाए गए स्कोर के आधार पर 217 रनों की बढ़त मिल गई है।

हॉकी इंडिया ने कोहली, भोरे और लालरिनफेला को दी बधाई

नीतिन कोहली, मनोज के उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत

नई दिल्ली, वार्ता। हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को उपाध्यक्ष तथा लालरिनफेला को संयुक्त सचिव बनाए जाने पर बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें नितिन कोहली, मनोज भोरे का उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिकाओं और लालरिनफेला का संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियाँ प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आरके श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।

उल्लेखनीय है कि केरल में मंगलवार को आयोजित कार्यकारी बोर्ड की 112वीं बैठक में हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव भी किए गए।

आजमगढ़ 16 स्वर्ण पदकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

लखनऊ, वार्ता। आजमगढ़ ने 7वीं यूपी स्टेट प्री-टीन, सब जूनियर, जूनियर व 8वीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं सुल्तानपुर उपविजेता रही जबकि जौनपुर को तीसरा स्थान मिला। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हॉल में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष जसपाल सिंह व महासचिव सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने पदक प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय व भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सोनू सिंह ने भी पदक विजेताओं की हौसला-अफजाई की।

जुबा संघा, सुदेवा और नोएडा सिटी की शानदार जीत

नई दिल्ली, वार्ता। कविता, सलोनी, गायत्री, खुशबु और कोमल के दर्शनीय गोलों से जुबा संघा फुटबाल क्लब ने नेहरू स्टेडियम परिसर में खेली जा रही वूमेंस प्रीमियर लीग में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 5- 0 से पीट कर एक और बघी जीत दर्ज की। यहां दिन के पहले मुकाबले में सुदेवा फुटबाल क्लब ने कीर्ति सिंह और देविका तांती के गोलों से सिटी फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया। जुबा संघा की पूनम और सुदेवा की कीर्ति को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। अन्य मैचों में हॉप्स और सिग्नेचर फुटबाल क्लब ने क्रमश हंस कैपिटल और ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 और 1-0 से हराया। हॉप्स की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच संतोष के दो शानदार गोल रहे। हिमांशु, पूजा और शैलजा ने एक एक गोल किए। सिग्नेचर की प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्मी ने इकलौता गोल दागा।

● कुलदीप-रिंकु थप्पड़ विवाद ●

केकेआर ने किया खारिज

सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें कुलदीप यादव ने रिंकु सिंह को दो बार थप्पड जड़े

नई दिल्ली, वार्ता। कुलदीप यादव और रिंकू सिंह के बीच थप्पड़ विवाद पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चुप्पी तोड़ी है और ऐसी किसी घटना को खारिज किया है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच मंगलवार को खेले गए मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिख रहा था कि कुलदीप ने रिंकू को दो बार थप्पड़ जड़े। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस हैरत में पड़ गए थे कि आखिर किस कारण कुलदीप ने रिंकू को थप्पड़ लगाए। वीडियो देखकर लग रहा था कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया। भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। वीडियो में भी दिखा था कि रिंकू हंस-हंस कर बातें कर रहे हैं, लेकिन तभी किसी बात पर कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद रिंकू हैरानी भरी नजर से कुलदीप को देखते हैं और फिर से कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मारते हैं। विवाद उठने के बाद केकेआर ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कुलदीप और रिंकू का याराना दिख रहा है। इस वीडियो में दोनों श्लवश का साइन बनाते दिख रहे हैं और एक दूसरे के कंधे पर हाथ डालकर खड़े हैं। वीडियो में आगे दोनों के बीच कितनी गहरी दोस्ती है उसे दर्शाया गया है। मैच की बात करें तो केकेआर ने दिल्ली को 14 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। गत विजेता केकेआर ने अंगख्रष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। दिल्ली ने इस सत्र में अब तक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते।

चेन्नई ने पंजाब को 191 रन का टारगेट दिया

युजवेंद्र चहल ने ली आईपीएल 2025 में दूसरी हैट्रिक, सैम करन ने 88 रन बनाए

चेन्नई, वार्ता। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने आईपीएल के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 190 रन पर ऑलआउट कर दिया है। इस तरह पंजाब को 191 रन का टारगेट मिला है। चेपाक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

चेन्नई ने 19.2 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट कर दिया। युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। चहल के अलावा, अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले। सैम करन (88 रन) को मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। डेवाल्ड ब्रेविस (32 रन), रवींद्र जडेजा 17 रन बनाए। एमएस धोनी ने 4 बाल पर 11 रन बनाए।

इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने दूसरी बाल पर शिवम दुबे को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। 19वां ओवर डाल रहे युजवेंद्र चहल ने एक ओवर में 4 विकेट झटके। उन्होंने हैट्रिक भी पूरी की। चहल ने नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां सैम करन 88 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। सैम करन ने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली है। सैम करन ने सूर्यांश शेडगे के ओवर में 26 रन बटोरे। चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में करन ने 2 चौका और 2 सिक्स लगाया। उन्होंने पहली बाल पर लान्ग आफ के ऊपर से छक्के के लिए मार दिया।

नरेंद्र कुमार ने माउंट अन्नपूर्णा पर फहराया तिरंगा

चंडीगढ़, वार्ता। हरियाणा के हिसार जिले के लमगनी खेड़ा गांव के निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी, और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता, सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 25 मार्च 2025 को की थी और अपनी इस माउंटेनियरिंग को सात अप्रैल को सुबह 10:30 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 12 दिन में पूरा किया, जिसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अन्नपूर्णा पर्वत नेपाल में स्थित है और जो हिमालय पर्वत श्रेणी का हिस्सा है। माउंट अन्नपूर्णा पर हर 1-2 घंटे में हिमस्खलन का खतरा बना रहता है, जो पर्वतारोहियों के लिए जानलेवा भी हो सकता है।

लंढौरा में इंसानियत हुई शर्मसार

नौ वर्षीय बच्ची को खेत में ले जाकर किया दुराचार

❖बदहवाश हालत में स्कूल के पास छोड़कर आरोपी हुआ फरार
❖पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से की तलाश शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

मंगलौर। लंढौरा में शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई हैं। एक युवक नो वर्षीय बच्ची को बहला फुसलाकर जंगल में ले गया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया यह भी बताया गया है कि आरोपी ने दरिंदगी की सभी हदें पार करते हुए बच्ची के कपड़े उतारकर जबरदस्ती बलात्कार किया। इस दौरान आरोपी ने बच्ची के गाल व होंट काटकर घायल कर दिया। आरोपी बदहवाश हालत में एक कालेज के पास छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने बालिका का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

जानकारी के अनुसार लंढौरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम को उसकी नो वर्षीय पुत्री किसी काम से बाजार गई थी। इसी दौरान बाइक सवार एक आय और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर एक कालेज के पास जंगल में ले गया। इस दौरान आरोपी ने बच्ची के कपड़े उतारकर जबरदस्ती बलात्कार किया। आरोप हैं कि युवक ने दरिंदगी दिखाते हुए बच्ची के गाल और होंट पर काटा। आरोपी युवक बच्ची को बदहवास हालत में कालेज के पास छोड़ कर फरार हो गया। बच्ची किसी तरह घर पहुंची और मामले की बताया। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो व रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।

उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा गया हैं। आरोपी को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता

एक नशा तस्कर गिरफ्तार, 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। गंग नहर कोतवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी हाथ लगी एक बड़ा नशा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया जिससे 10 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चौकिंग दिनाक 29/04/2025 को स्कूटी एक्टिवा रंग काला नंबर 8473 पर सवार अभियुक्त समीर पुत्र सुभान निवासी मदरसा पठान चौक लंढोरा कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार उम्र 20 वर्ष को 10.60 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 179/2025, धारा 8/21 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभि0 को न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं। नाम पता अभियुक्त-समीर पुत्र सुभान निवासी मदरसा पठान चौक लंढोरा कोतवाली मंगलौर जिला हरिद्वार उम्र 20 वर्ष है से 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली है। पुलिस टीम में उ0नि0 नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल अशोक तिवारी, कांस्टेबल स्वरूप शामिल रहे।

शादी में हर्ष फायरिंग करना दूल्हे को पड़ गया भारी

दूल्हे के पिता व बैंक्वेट हॉल स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। तमंचे पर डिस्को करने वाले दूल्हे,उसके पिता एवं बैंकेट हॉल स्वामी के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को युवक की तलाश जारी है। हालांकि पुलिस ने नियमानुसार उक्त हथियार की लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर सकती है।

बीते सप्ताह हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जो कि हरिद्वार रोड स्थित गोल्डन लीफ बैंकट हॉल का बताया गया था और समारोह कॉकटेल पार्टी का था। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस भी हरकत में आई जांच की तो पता लगा कि फायरिंग करने वाला युवक कोई और नहीं बल्कि दुल्हा था। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की लेकिन वह घर में नहीं मिला। पुलिस ने अन्य ठिकानों पर दबिश दी थी लेकिन युवक का पता नहीं लगा। वहीं अब पुलिस ने वादी बनकर मामले में मुकदमा दर्ज किया है जिसमें बताया गया है कि मनोज कुमार वर्मा पुत्र स्व0 श्री कर्म सिंह वर्मा निवासी न्यू आदर्श नगर के द्वारा अपने बेटे धनंजय वर्मा के शादी समारोह का आयोजन गोल्डन लीफ बैंकट हॉल में किया जा रहा था। आयोजन के दौरान धनंजय वर्मा द्वारा हर्ष फायरिंग की गई लेकिन उन्हें न तो शादी का आयोजन करने वाले मनोज वर्मा द्वारा रोका गया है न ही बैंकेट हाल के मालिक विनय मित्तल द्वारा कोई सूचना पुलिस/प्रशासन को दी गई। आरोप है कि उक्त के द्वारा इस अपेक्षापूर्ण कार्य से दूसरो के जीवन को संकट में डाला गया है जिस कारण धनंजय आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

घर से कॉलेज के लिए निकला पॉलिटेक्निक का छात्र लापता

रुड़की। घर से कॉलेज के लिए कह कर गया छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। लापता छात्र के परिजन बेहद परेशान है और उन्होंने लापता छात्रा की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर्ष त्यागी उर्फ कन्हैया उम्र 16 वर्ष पुत्र मोहन चंद त्यागी निवासी चुड़ियाला मोहनपुर भगवानपुर पास के ही गांव भलस्वागाज पॉलिटेक्निक का छात्र है। बताया गया है कि छात्र 26 अप्रैल को अपने घर से कॉलेज के लिए निकला था लेकिन घर नहीं पहुंचा। छात्र के घर न पहुंचने पर उसके परिजनों ने उसको दोस्तों और आसपास की रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। छात्र के अचानक से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने के बाद से उसके परिजनों का बुरा हाल है। परेशान और हताश परिजनों ने मामले में स्थानीय पुलिस को उसकी गुमशुदगी की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर लापता छात्र की तलाश कर रही है। पुलिस और परिजनों ने तमाम कोतवाली और थानों में अपना नंबर 7500795252 देते हुए छात्र का कुछ भी पता लगने पर उक्त नंबर पर सूचना देने की अपील की है।

लक्सर पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर तीन वारंटीयो को पकड़ा गया है। जानकारी पर राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की तामिल के लिए पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग जगह छापेमारी करते हुए तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम संदीप पुत्र सुरेश निवासी ग्राम फतवा थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बंदर पुत्र किरण पाल कबूलपुर रामपुर रायघटी टिंकू पुत्र स्वर्गीय राजकुमार निवासी सुल्तानपुर कुन्हारी थाना कोतवाली उपरोक्त उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भिक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह अमित रावत संजय पवार आशीष पांडे शामिल रहे पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

आईआईटी रुड़की में सतत ऊर्जा पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। आईआईटी रुड़की में सतत ऊर्जा केंद्र ने सनातन भारत में सतत ऊर्जा विकसित भारत/2047 के लिए रोडमैप विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन कियाए जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे पर्यावरणीय सद्भाव और चक्रीयता पर प्राचीन भारतीय ज्ञान संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी और भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए एक शाश्वत आधार प्रदान कर सकता है। आईआईटी रुड़की परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में नीति निर्माताओंए शोधकर्ताओंए शिक्षाविदों और विचारकों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। दो पैनल चर्चाओं में पारंपरिक भारतीय संधारणीय प्रथाओं की प्रासंगिकता और स्वच्छ और समावेशी ऊर्जा विकास के लिए भारत के समकालीन रोडमैप में इन्हें कैसे अपनाया जा सकता हैए इस पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथिए उत्तराखंड विधानसभा की माननीय अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी ने जलवायु जिम्मेदारी पर छात्रों एवं स्थानीय समुदायों को संवेदनशील बनाने और एक सतत विकसित भारत की नींव रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहाए ष्सतत ऊर्जा केंद्रए विकसित भारत में सतत विकास हासिल करने के लिए समर्पित है। मैं उनकी सफलता की कामना करती हूं। आईआईटी रुड़की के कार्यवाहक निदेशक प्रो यूपी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय ऊर्जा प्राथमिकताओं के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाए आईआईटी रुड़की में हम मानते हैं कि सतत विकास विज्ञान नीति एवं विरासत के संगम से उभरना चाहिए। सतत ऊर्जा केंद्र भारत की कालातीत परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए कम और शून्य कार्बन तकनीक विकसित करके इस दृष्टिकोण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। हमारी प्रतिबद्धता न केवल नवाचार के लिए हैए बल्कि एक ऐसे

भविष्य को आकार देने के लिए भी है जो लचीलाए समावेशी और आत्मनिर्भर हो। इस सम्मेलन में शिक्षा जगतए उद्योग जगत एवं सरकार के प्रतिष्ठित विचारक शामिल हुए। आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर आनंद बुलुसु एवं अनिल गौरीशेट्टी शामिल थे। उनकी सामूहिक अंतर्दृष्टि ने एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने में योगदान दिया जो एक टिकाऊ विकसित भारत के लिए सनातन ज्ञान को आधुनिक स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के साथ जोड़ता है। इस सम्मेलन के संयोजक एवं सेंटर फॉर सस्टेनेबल एनर्जी के प्रमुख प्रा् सौमित्र सतपथी ने कहा सनातन भारत में पर्यावरण की रक्षा एवं स्थिरता के निर्माण की अवधारणा की एक प्राचीन परंपरा रही है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन सनातन भारत से प्रमुख शिक्षाओं को लेकर विकसित भारत के विकास के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम ने वैश्विक स्थिरता चुनौतियों का समाधान करने के लिए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत करने में आईआईटी रुड़की के नेतृत्व की पुष्टि की। सतत ऊर्जा केंद्र के माध्यम से आईआईटी रुड़की विकासशील भारत/2047 और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के लिए राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ जुड़ नवाचारए समावेशिता एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार समाधानों को बढ़ावा देना जारी रखता है। वैज्ञानिक उत्कृष्टता एवं सांस्कृतिक विरासत दोनों में अनुसंधानए नीति और सामुदायिक आउटरीच को आगे बढ़ाकर संस्थान एक टिकाऊ और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए एक परिवर्तनकारी एजेंडा निर्धारित कर रहा है।

हर्षोल्लास से मना पूर्व सैनिक गौरव सैनानी संगठन का स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। पूर्व सैनिक गौरव सैनानी जन कल्याण समिति, रुड़की ने बुधवार को हर्षोल्लास से संगठन का दूसरा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान सभी ने आतंकी घटना पर रोष जताया और इसे भारत के खिलाफ बड़ा हमला बताया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची विंग कमांडर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, हरिद्वार की अध्यक्ष सरिता पंवार ने संगठन के कार्यों की प्रशंसा की। विश्वास जताया कि रुड़की के सभी पूर्व सैनिक मिल कर पूर्व सैनिकों की समस्याओं को उठाएंगे। इससे पहले यहां पहुंचने पर संगठन की ओर से उनका स्मृति चिन्ह और फूल माला देकर स्वागत किया गया। संगठन द्वारा नव निर्वाचित चेयरमैन सतीश नेगी, सभासद विजय सिंह पंवार, सभासद दिनेश नेगी, सभासद विकास पाल का भी स्मृति चिन्ह देकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।पूर्व सैनिक गौरव सैनानी संगठन, रुड़की के अध्यक्ष विजय सिंह पंवार ने संगठन के दो वर्षों के कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, पूर्व सैनिकों का धन्यवाद जताया। कार्यक्रम में रुड़की के साथ ही क्लेमनटाउन देहरादून, कोटद्वार, रायवाला तथा आल इंडिया पूर्व सैनिक संगठन (एकवीए) के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह रावत, गंगा सिंह बिष्ट, विजय बानी, हिम्मत सिंह राणा, अशोक राणा, हेमचंद्र खंतवाल, वीरेंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, सुनील दत्त कोटनाला, राजेंद्र सिंह पंवार, यशपाल सिंह नेगी, जयनारायण शर्मा, जयवीर सिंह रावत, जयराम भाटी, विजय सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

भगवानपुर पुलिस ने धर दबोचे दो गो-तस्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। वादी उ0नि0 पुनीत दनोषी थाना भगवानपुर को मुखबिर खास ने सूचना दी कि ग्राम सिकरोडा के आम के बागो मे कलीम पुत्र सलीम,अलीम पुत्र सलीम अपने साथियो के साथ मिलकर गोकशी की जा रही है। जिस पर उ0नि0 द्वारा मय पुलिस फोर्स के मुखबिर के बताये सिकरोडा के आम के बाग मे दबिश दी तो मौके से करीब 1000 किलोग्राम गोमांस व गोवशीय अवशेष व गौकशी से सम्बन्धित उपकरण बरामद किये तथा गोकशी करने वाले अभियुक्त अलीम व सलीम को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा शेष 7 अभि0गणो मौके से फरार हो गये। गौमांस बरामदगी व गिरफ्तारी होने के सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0स0 146/2025 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधि0 पंजीकृत कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को जिसको समय से न्यायालय पेश किया जायेगा 'नाम पता गिरफ्तारअभि0 अलीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र 23 वर्ष, साकिब पुत्र खुर्शीद निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र 25 वर्ष है। बरामद माल में 1.1000 किग्रा0 गौमांस 2.गोकशी उपकरण मय लकडी के गुटके 3.एक अदद मो0सा0 घटनास्थल से बरामद किया। फरार अभियुक्त1. आसिफ पुत्र ईनामी निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार2. आशु पुत्र गुलजार निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार3.मुर्सलीन उर्फ मून पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार4. दुल्ला पुत्र सत्तार मुंशी निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार5.कलीम पुत्र सलीम निवासीगण ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार 6. कालू पुत्र सलीम निवासी चांदपुर सहारनपुर उ0प्र07.नदीम पुत्र छोटू निवासी गंदेवडा सहारनपुर उ0प्र0 है। पुलिस टीम में उ0नि0 पुनीत दनोषी-थाना भगवानपुर2.अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान थाना भगवानपुर 3-हे0का0 सुधीर चौधरी थाना भगवानपुर4-का0 देवेन्द्र नेगी थाना भगवानपुर5.का0 राजेन्द्र वर्मा थाना भगवानपुर6.का0 सुशील चौहान थाना भगवानपुर 7.हो0गा0 हेमन्त8-हो0गा0 उदयपाल आदि शामिल रहे।

अंबेडकर मूर्ति के बराबर में गोशाला बनाने पर लक्सर विधायक भी नाराज

अंबेडकर की मूर्ति से अलग बने गोशाला: शहजाद

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। बसपा प्रदेश महासचिव नाथीराम की ओर से एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति के नाम पत्र देकर परम पूज्य संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति से अलग बनाई जाए। गौशाला नगर पालिका परिषद एक नंबर वार्ड की बराबर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में नहीं बननी चाहिए गौशाला लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि लक्सर गांव में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में जो गौशाला बनाने के चक्कर में लगे हुए हैं। यह बहुत ही गलत है क्योंकि हम भी गौशाला के निर्माण को चाहते हैं कि गौशाला जरूर

पड़नी चाहिए। उन्होंने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम 1000 वर्ग फीट जगह और गौशाला के लिए 5 बीघा जमीन दी जा रही है यह बिल्कुल ही गलत है जो पूर्व अध्यक्ष ने प्रस्ताव किया था वह गलत था। उन्होंने कहा नगरपालिका क्षेत्र में बहुत जगह ऐसी है जहां गौशाला का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने सबसे पहले घोषणा की थी की गौशाला निर्माण के लिए 500000 हम दे रहे हैं आप गौशाला बनवाएं। उन्होंने कहा अब हम 5 लाख की जगह 10 लाख रुपए गौशाला के लिए देने को तैयार हैं। बशर्ते संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति से कहीं अलग गौशाला का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा हमने एक पत्र लक्सर उप जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के महामहिम राष्ट्रपति को भी भेज कर मांग की है कि परम पूज्य संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति से कहीं अलग ही गौशाला का निर्माण किया जाए विधायक ने यह भी कहा कि हम हर तरह से गौशाला के निर्माण के लिए काम करने को तैयार है बस बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति से अलग गौशाला बनाई जाए।

नारसन ब्लॉक प्रमुख पर पद के दुरुपयोग का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। नारसन ब्लॉक प्रमुख कोमल देवी और उनके ससुर कवींद्र चौधरी को लेकर मांगी गई सूचना के बाद आज टिकोला के ग्रामीण ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि ब्लॉक प्रमुख कोमल देवी के बदले सारा कार्यभार उनके ससुर कवींद्र चौधरी देखते है जोकि नियमों के विरुद्ध है और उनके कार्यकाल में अनेकों घोटाले किये गए है। सूचना मांगने वाले सुशील कुमार चौधरी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि टिकोला गाँव मे जो उनका मकान है वह भी तालाब में बना हुआ है जिसकी पुष्टि सूचना के अधिकार में हो चुकी है उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जो नल लगाए गए है उनकी गहराई कम है और एक नल उत्तरप्रदेश के गाँव मे लगाया गया है जिसमे हाई कोर्ट से जाँच के आदेश हो चुके है उन्होंने साफ साफ कहा कि कवींद्र चौधरी द्वारा पद का दुरुपयोग किया जा रहा है सुशील चौधरी ने बताया कि सूचना अधिकार के तहत उन्होंने सभी सूचनाओं मांगी हुई है जिनमें खुले तौर पर बिना निमित्त की गई हैवहीब्लॉक प्रमुख की जगह उनके ससुर जो विकासखंड में काम देखते हैं उनके भी उनके पास सीसीटीवी फुटेज के अलावा फोटोग्राफ्स हैंजो नियम विरुद्ध हैंउन्होंने बताया कि पंचायत इंरेक्ट एक्ट का खुला उल्लंघन किया जा रहा हैहाई कोर्ट के आदेश पर जहां शुरू हुई है वह जांच में सभी सबूत के साथ एविडेंस देंगे उन्होंने यह भी कहा किब्लॉक प्रमुख अपने पद पर रहने लायक नहीं है वह सरकार से नारसन ब्लॉक प्रमुख कोप्रकाश करने की मांग करते हैं।

नदी के समीप मिला बुजुर्ग का शव, शिनाख्त नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

कलियर। धनौरी में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला जो कि जिसके पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मृतक की जेब से कुछ नकदी भी पुलिस को मिली है। वहीं मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनौरी में जसवावाला नदी के समीप एक बुजुर्ग का शव पड़ा है जिसके पास एक बुलेट मोटरसाइकिल भी खड़ी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से शव के शिनाख्त के प्रयास किए। शव के हुलिए से वह एक घुमंतू बाबा प्रतीत हो रहा है वहीं शव की तलाशी लेने पर उसकी जेब से पंद्रह हजार रुपए से अधिक की नकदी बरामद हुई है। वहीं पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। वहीं इस संबंध में एसएसआई बबलू चौहान ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसको कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में मोर्चरी में रखवा दिया गया शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा हैं।

कलियर नपं अध्यक्ष समीना के प्रस्ताव पर नगर पंचायत की ओर से

दोनों गंगनहरों पर दो झूला पुल बनाने को एजेंसी ने किया सर्वे

शाह टाइम्स संवाददाता

पिरान कलियर। नगर पंचायत पिरान कलियर की अध्यक्ष समीना के प्रस्ताव पर नगर पंचायत की ओर से दोनो गंगनहरों पर दो झूला पुल बनाने के लिए साबरी कलस्टेंसी एजेंसी ने सर्वे किया गया। इसकी डीपीआर तैयार कर शासन से दोनों पुलों के लिए बजट की मांग की जाएगी।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर नगर पंचायत अध्यक्ष समीना ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध कलियर में साबिर पाक में देश विदेश से जायरीन जियारत के लिए आते हैं। कलियर में भारी होने पर जाम की स्थिति बन जाती हैं। इसी के चलते नगर पंचायत की ओर से दोनो गंगनहरों के पुलों पर झूला पुल बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। जिसे लेकर बुधवार को साबरी कलस्टेंसी एजेंसी की ओर से सर्वे किया गया है।जिसमें एक झूला पुल धनौरी रोड दूसरा हज हाउस के सामने बनाने की तैयारी की जा रही है। झूला पुल बनने से आने वाले जायरीनों स्थानीय लोगों को जाम से निजात मिलेगी। साथ ही दरगाह किलकिली साहब पर आने वाले जायरीनों को कम दूरी तय करनी पड़ेगी। ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष समीना ने दोनों गंगनहरों के पुल पर झूला पुल

बनाने का प्रस्ताव दिया था। साबरी कलस्टेंसी एजेंसी की ओर से झूला पुलों के दोनों स्थानों का सर्वे किया जा रहा है। एजेंसी डीपीआर तैयार कर नगर पंचायत को देगी।

डीपीआर मिलने पर इसका प्रस्ताव शासन को भेजकर बजट की मांग की जाएगी। इस मौके पर ईओ कुलदीप सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम , एजेंसी के जेई मुदस्सिर ,सत्तार अहमद,आबेद साबरी, रईस आदि मौजूद रहें।

सर्व समाज सेवा समिति ने अक्षय तृतीया पर किया प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। सर्व समाज सेवा समिति की ओर से अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों एवं आमजन को भोजन वितरित कर समिति ने सामाजिक सरोकार की एक मिसाल पेश की।

प्रेम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा, ष्समाज सेवा ही सच्ची पूजा है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जरूरतमंदों को सहारा मिलता है। प्रमोद जोहर ने समिति के उद्देश्य एवं भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि समिति का प्रयास है कि हर धार्मिक एवं सामाजिक अवसर पर जरूरतमंदों के लिए सेवा कार्य किया जाए। आगे भी समिति विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। रेलवे बोर्ड सदस्य पूजा नंदा ने कहा, ष्आज के समय में जब स्वार्थ की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे में सर्व समाज सेवा समिति द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य निस्संदेह अनुकरणीय है व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप ने समिति द्वारा किए जा रहे इस मानवसेवा के कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा प्रवीण मेहंदी रत्ता, सुरेंद्र मेंहदीरत्ता, मनीष जोहर, वंश जोहर, संजीव गुलाटी, अलका गोयल, आदेश गोयल, रीना अग्रवाल, विपिन ठुकराल आदि उपस्थित रहे।

उदारवाद की वापसी

कनाडा में उदारवाद की बयार बहने के पुख्ता संकेत मिले हैं। तय हो चुका है कि लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी पीएम बन रहेंगे। चुनाव में बड़ी जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और ये बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमेरिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है। हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा। और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा याद रहे कि जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के पीएम पद से इस्तीफा दिया, तो ऐसा लगा कि उनकी लिबरल पार्टी चुनावी हार की ओर बढ़ रही है। उस समय लिबरल्स जनमत सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव्स से 25 अंकों के अंतर से पीछे चल रहे थे। लगभग एक दशक से सत्ता में कायम ट्रूडो आर्थिक मुश्किलों के बीच काफी अलोकप्रिय हो गए थे। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलीवर ने अपना प्रचार अभियान बदलाव के आह्वान पर खड़ा किया। उन्होंने लिबरल पार्टी के लगातार तीन कार्यकालों को कनाडा के लिए गंवा दिया गया दशक करार दिया। फिर भी, चौंकाने वाला उलट-फेर हुआ और लिबरल पार्टी ने 28 अप्रैल के राष्ट्रीय चुनाव में कंजर्वेटिव्स को चित कर दिया। ट्रूडो के इस्तीफे और चुनावों के बीच दो अहम घटनाक्रमों ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। पहला, अर्थशास्त्री और पूर्व बैंकर मार्क कार्नी को ट्रूडो का उत्तराधिकारी चुना गया। कार्नी ने खुद को ट्रूडो की विरासत से अलग किया और चुनाव को कनाडा की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ी करने के अवसर के रूप में पेश किया। दूसरा, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ट्रम्प की बयानबाजी ने कनाडाई राष्ट्रवाद को जगा दिया और कार्नी की चुनावी लड़ाई को एक नया मकसद और परिप्रेक्ष्य प्रदान किया। कार्नी ने ट्रम्प की धमकियों और सीमा शुल्क के सामने डटकर खड़े होने के लिए खुद को सबसे लायक उम्मीदवार के रूप में पेश किया। एक सफल केंद्रीय बैंकर, जिन्होंने 2008-09 की मंदी के दौरान कनाडा और ब्रेक्सिट के उथल-पुथल भरे वर्षों के दौरान ब्रिटेन का नेतृत्व किया, के रूप में उनके रिकॉर्ड ने भी उनके मकसद में सहयोग किया। नतीजे कंजर्वेटिव्स के लिए पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। प्राथमिक आंकड़ों के मुताबिक, पार्टी ने 41.4 फीसदी वोट हासिल किए, जो 2011 में 39.6 फीसदी वोट के साथ उन्हें मिले बहुमत से ज्यादा है, लेकिन इस बार यह हुआ कि प्रगतिशील और उदारवादी वोट लिबरल्स के पक्ष में ज्यादा एकीकृत ढंग से एकजुट हुए।

यह एकता और एकजुटता का समय

यह एकता और एकजुटता का समय है, यह वह समय है, जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है, जिसे वह कभी न भूल पाए, पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी, यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए, फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है, हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतज़ार कर रहा है।

जयराम रमेश
प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

नफरत की ये आग कब बुझेगी?

निर्मल रानी

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छह सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें 27 लोगों की जानें चली गईं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आततायियों ने नहीं बख्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिए।

निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यत: छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुए लिखा

आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया, परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिस तरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया

कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'।

इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसाई नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाए गए पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गए। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौक़े पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ्त मुहैय्या कराईं।

और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुन: पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुए। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफ़सोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ़ से एक स्वर में हमले में मारे गए लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हज़ारों ऐसी पोस्ट डाली गईं जिससे देश में भाईचारे क़ायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई ज़िम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाए रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो नि:संदेह आतंकियों के घिनौने मक़सद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गई। कहीं बाज़ारों में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गई तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गई। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमानित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आख़िर नफ़रत की ये आग कब बुझेगी।

(ये लेखक के निजी विचार है)

कुरान और गीता के तुलनात्मक अध्यनन से हिंदुओं और मुसलमानों को करीब लाने की पहल

एम. हसन

एम हसन लिखते हैं कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय एक दूसरे से उलझे हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दोनों पवित्र ग्रंथों में समानताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। दोनों ग्रंथों में बहुत सी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से पढ़ाए जाने की जरूरत है

पूर्वी यूपी के अंबेडकर नगर (अकबरपुर) जिले से ताल्लुक रखने वाले कोम स्थित प्रमुख शिया विद्वान डॉ. सैयद अब्बास मेहदी हसनी ने पवित्रा ग्रंथों कुरान और भगवद गीता के तुलनात्मक अध्ययन में दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर पर कापफी जोर दिया है।

डॉ. मेहदी ने इस मुद्दे पर अपनी डॉक्टरेट थीसिस की है जिसका शीर्षक है: सामाजिक और तर्कसंगत पहलुओं पर जोर देते हुए कुरान और गीता की पोषणकारी शिक्षा का विकास। कघेम के शिया इस्लामी विद्वता में प्रचलित अनूठी व्याख्याओं और दृष्टिकोणों पर विचार करते हुए, डॉ. मेहदी ने एकेश्वरवाद, नैतिक आचरण, ईश्वर की अवधारणा, कर्म की भूमिका और आत्मा की प्रकृति जैसे विषयों पर चर्चा की है और दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर दोनों को उजागर किया है। अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट शोध डॉ. हिम्मत बनारी के मार्गदर्शन में अलीगढ़ स्थित डॉ. अली मोहम्मद नकवी और दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. बलराम शुक्ला के सलाहकार के रूप में पूरा किया गया है। डॉ. मेहदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय आपस में भिड़े हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दो पवित्र ग्रंथों में समानता को

दोनों धर्मों के लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है कुरान और भगवद् गीता के तुलनात्मक अध्यनन से पता चलता है कि दोनों में महत्वपूर्ण समानताएं हैं

प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ग्रंथों में काफी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है। कुरान और भगवद्गीता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि दोनों में अहिंसा, करुणा और एक ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण समानताएं हैं, साथ ही ईश्वर की प्रकृति, पैगम्बरों की भूमिका और पुनर्जन्म की अवधारणा पर उनके दृष्टिकोणों में प्रमुख अंतर भी उजागर होते हैं, कुरान सख्त एकेश्वरवाद पर जोर देता है और गीता हिंदू ढांचे के भीतर ईश्वर की अधिक बहुमुखी समझ की अनुमति देती है। अपने पीएचडी थीसिस के सारांश में डॉ. मेहदी कहते हैं, पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयाम में कुरान की आयतों और गीता के बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का उपयोग करके और दोनों के बीच तुलना का प्रश्न एक ऐसा विषय है जिसका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। डॉ. मेहदी आगे लिखते हैं कि इस अध्ययन में पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयामों में वर्णनात्मक-विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक पद्धति से व्यक्त करने के बाद इन दोनों पुस्तकों की शिक्षाओं की तुलना की गई है और फिर उनके समान और भिन्न बिंदुओं का वर्णन किया गया है। विद्वान ने संस्कृत में गीता की एक चौपाई ली है और उसे फारसी भाषा में समझाने के बाद कुरान की उपलब्ध आयतों से उसकी तुलना की है। डॉ. मेहदी लिखते हैं, समानताएं और अंतर स्वाभाविक हैं क्योंकि गीता की कई शिक्षाएं दिव्य ग्रंथों की तरह हैं। कई हिंदू विद्वान दावा करते हैं कि गीता एक ईश्वरीय रहस्योद्घाटन है। सामाजिक आयामों में, रिश्तेदारों के प्रति विनम्रता जैसे सम्मानजनक व्यवहार और शिक्षक और संरक्षक के संबंध में विनम्रता और शासकों के संबंध में न्याय और सामान्य जनता के संबंध में समानता और अहिंसा आदि के प्रति सम्मान। बौद्धिक आयाम में तर्कसंगत शिक्षा के कारक जैसे विचार का सिद्धांत और अंतर्दृष्टि का सिद्धांत। उनका कहना है कि इनमें से कई सामग्रियों में मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ हैं, जिन्हें इस चर्चा में बताया गया है। उनका कहना है कि इन शिक्षा प्रथाओं को चुनने और उनका अभ्यास करने से व्यक्तियों के सामाजिक और बौद्धिक आयामों का विकास हो सकता है। यह फारसी भाषा में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एकेश्वरवाद पर दोनों ग्रंथ मूल रूप से एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास को बनाए रखते हैं, हालांकि प्रत्येक परंपरा में इसकी अलग-अलग व्याख्या की गई है। इसी तरह नैतिक शिक्षाओं में दोनों ईमानदारी, न्याय, दान और आत्म-नियंत्रण जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कर्म के महत्व पर दोनों ग्रंथ कर्म की अवधारणा को स्वीकार करते हैं, जहां कर्मों के इस जीवन और उसके बाद के परिणाम होते हैं। इसी तरह दोनों समाज में अपने कर्तव्य या 'धर्म' का पालन करने की अवधारणा पर जोर देते हैं और दोनों आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान, प्रार्थना और आत्म-चिंतन जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि हिल स्प्रिंग इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई के प्रमित गोयल ने अपने शोधपत्र में लिखा है। 'भगवद् गीता और कुरान: एक ही सिक्के के दो पहलू उन्होंने लिखा है दोनों धर्मग्रंथ अपनी शिक्षाओं के संदर्भ में कई समानताएं साझा करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, कई बार व्यक्तियों और समूहों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए इनका दुरूपयोग किया गया है और इनका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। ऐसी दुनिया में जहां कठोर सांस्कृतिक दृष्टिकोण हमें विभाजित करते हैं, अन्य धार्मिक ग्रंथों को आंख मूंदकर नजरअंदाज करने के बजाय उन्हें समावेशी और खुले दिमाग से देखना जरूरी है। गीता और कुरान से सहानुभूति, प्रेम और नैतिक जिम्मेदारी जैसी सर्वोत्तम शिक्षाओं को अपनाने से व्यक्ति एक खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है और एक अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान दे सकता है। यह पेपर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च के मई-जून 2024 संस्करण में प्रकाशित हुआ था।

(एम हसन हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के पूर्व ब्यूरो प्रमुख हैं)

श्रमिक शक्ति ही है भारत की असली ताकत

श्रमिक: देश की रीढ़, मगर हाशिये पर

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुन: उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है, श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजबूरी पर काम करवाता है

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्राय: जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विडम्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है।

पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फी रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है।

डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है।

स्किन व बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है।

पाक के लिए अगले 36 घंटे भारी

सूचना मंत्री ने आधी रात प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा- हमारे पास है खुफिया जानकारी

इस्लामाबाद। पाक ने दावा किया है कि भारत उसके खिलाफ अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है। तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे। तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है और टकराव का रास्ता अपनाना चाहता है। इसके पूरे क्षेत्र में विनाशकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इससे सतर्क रहना चाहिए। आगे होने वाले किसी भी खतरे और परिणाम की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की होगी। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत जल्द ही हमला करने वाला है। आसिफ ने कहा कि आने वाले दिन बेहद अहम होंगे। चीन और सऊदी अरब समेत कई खाड़ी मुल्क दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने की को. शिश में लगे हैं। अगर कुछ होगा तो 2-3 दिन में ही होगा। हालांकि अगले ही दिन आसिफ ने अपने बयान से पीछे हटते हुए कहा था कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है।

"हमें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि पाक पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है, पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा

...अताउल्लाह तरार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री पाकिस्तान

हार्वर्ड में पाक कॉन्फ्रेंस पर गहराया विवाद

वॉशिंगटन। अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टिट्यूट में हाल ही में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें पाकिस्तान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को हुआ था, जिसका आयोजन पाकिस्तानी छात्रों ने किया था। इस इवेंट के 4 दिन पहले यानी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारतीय स्टूडेंट्स ने हार्वर्ड के सामने अपना विरोध और आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद हार्वर्ड ने खुद को इस मुद्दे से अलग कर लिया और अपनी वेबसाइट से कार्यक्रम की जानकारी हटा दी। दो भारतीय स्टूडेंट सुरभि तोमर और रश्मिनी कोपरकर ने हार्वर्ड एडमिनिस्ट्रेशन और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लेटर लिखा।

पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति पर नजर रख रहा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वह पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमे. रिका पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में और अधिक तनाव रोकने के लिए पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में हैं और उनसे संघर्ष से बचने का आग्रह कर रहे हैं। अमेरिका घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और जिम्मेदार कूटनीति को प्रोत्साहित करता है। सु ब्रूस ने दुनिया की नजरों के सामने शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए सहयोग की जरूरत पर जोर देते हुए पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भी बात की।

केन्या प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा

नई दिल्ली। केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ (सेना) ब्रिगेडियर रिचर्ड वम्बुआ म्वान्जिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा सेनाओं के बीच परस्पर सहयोग को बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की और अनुभवों को

पाक ने यूएनएससी के बयान से टीआरएफ का नाम हटाया

विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में माना, इस आतंकी संगठन ने ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान से हटाने के लिए दबाव बनाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को सीनेट में दिए गए एक बयान में यह कबूल किया है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। सुरक्षा परिषद के निंदा बयान के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी है। इशाक डार ने बताया कि अमेरिका ने हमले की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रस्ताव की कॉपी मिली तो उस पर केवल पहलगाम लिखा था और हमले के लिए द रेजिस्टेंस फोरम का नाम लिया गया था। डार ने आगे कहा कि हमने इस पर विरोध जताया और कहा कि पाकिस्तान तब तक इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक पहलगाम के साथ जम्मू और कश्मीर का भी जिक्र नहीं किया जाता और टीआरएफ का नाम हटाया नहीं जाता। डार ने कहा कि उन्होंने 2 दिन तक इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किया। इस दौरान कई देशों से उन्हें फोन आते रहे। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव जारी किया था। इशाक डार ने कहा कि उन्हें दुनियाभर के नेता यह कहते रहे कि निंदा प्रस्ताव न आने से पाकिस्तान के ऊपर आरोप आएगा। इसके बावजूद वे अपने दावे पर अड़े रहे। आखिरकार पाकिस्तान के दबाव में प्रस्ताव में बदलाव किया गया और फिर यूएनएससी ने 25 अप्रैल को बयान जारी किया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें भारत और नेपाल के लिए संवेदना जताई गई थी। यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद हर रूप में अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है और हमले के दोषियों व उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हालांकि इस बयान में द रेसिस्टेंस फ्रंट, जिसने हमले की

जिम्मेदारी ली थी उसका जिक्र नहीं किया गया था। पहलगाम हमले का मकसद गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव भड़काना था, लेकिन बयान में इसका भी जिक्र नहीं था।

हाई अलर्ट के कारण कुछ देर बंद रही इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की पट्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अज्ञात कारणों से हाई अलर्ट जारी होने के कारण इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईआईएपी) की हवाई पट्टी को मंगलवार देर रात कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। सूत्रों ने यहां बताया कि 29 अप्रैल को विमानन अधिकारियों द्वारा अज्ञात कारण से हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद हवाईपट्टी पर लगभग 33 मिनट के लिए आउटबाउंड फ्लाइट संचालन को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार मंगलवार रात 11:48 बजे से मध्यरात्रि के बाद 12:21 बजे तक रहे इस अलर्ट के दौरान तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों, दुबई जाने वाली पीके-233, दोहा जाने वाली पीके-287 और दुबई जाने वाली पीए-210 के लिए बोर्डिंग प्रक्रिया शुरू नही की गई। अधिकारियों ने अभी तक इस बाबत कोई भी विवरण जारी नही किया है कि यह हाई अलर्ट किस प्रकार का था। संक्षिप्त व्यवधान के बावजूद सभी आने वाली उड़ानें निर्धारित समय अनुसार संचालित हुई और अलर्ट हटने के तुरंत बाद हवाईपट्टी पर विमानों का संचालन फिर से शुरू हो गया। इस बीच अधिकारियों ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि इस दौरान सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस अस्थाई निलंबन के कारण यात्री चितित हो गए।

चीन में जंगल की आग को लेकर ऑरेंज अलर्ट

बीजिंग। चीनी अधिकारियों ने बुधवार को 1 से 5 मई तक चीन के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए दूसरा सबसे उच्च-स्तर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय वन और चरागाह अग्नि-नियंत्रण कमान कार्यालय एवं आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने पांच दिवसीय छुट्टी के दौरान हेबेई, शांक्सी, हेनान और शांक्सी के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए अलर्ट जारी किया। आपातकालीन प्रबंधन विभागों को आग के खतरों में बदलावों की बारीकी से निगरानी करने, प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया उपायों को लागू करने, आग के स्रोत नियंत्रण को लगातार सुदृढ़ करने, आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने और जंगल की आग के जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटने का निर्देश दिया गया है। जंगल और चरागाह की आग आठ प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। गौरतलब है कि एमईएम के एक अधिकारी यांग जुडोंग ने 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कहा, आम तौर पर, हाल के वर्षों में चीन की जंगल की आग में कुल मिलाकर गिरावट देखी गई है। आंकड़े बताते हैं कि, 1950 से 1989 तक, चीन में सालाना औसतन लगभग 16,000 जंगल की आग की घटनाएं हुई। वही, 1990 से 2020 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 6,000 रह गई और 2021 से यह और भी कम होकर प्रति वर्ष 1,000 से भी कम रह गई है। यांग के अनुसार, जंगल और घास के मैदानों में आग लगने के कारणों को प्राकृतिक और मानवीय कारकों में वर्गीकृत किया जाता है, जिनमें से 90 प्रतिशत से अधिक आग लगने की घटनाओं के लिए मानवीय कारक जिम्मेदार होते हैं। चीन में जंगल की आग के लिए चार-स्तरीय चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे उच्च है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला है।

कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, सैनिक की मौत

बोगोटा। दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की नौसेना का एक हेलिकॉप्टर देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक सैनिक की मौत हो गई। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि बेल 412 ईपी हेलिकॉप्टर मालागाना शहर के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद पानी में गिर गया। चालक दल के तीन अन्य सदस्यों को बचा लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है। कोलंबियाई रक्षा मंत्री पेड्रो सां. चेज ने कहा कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के सहयोग से दुर्घटना की जांच के लिए एक निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

राहत: 12 दिन बाद खोला गया राष्ट्रीय राजमार्ग

कराची। पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिंध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस्लामाबाद ने किसी भी हित धारक की चिताओं को ध्यान में नहीं रखा और मनमाने ढंग से परियोजना शुरू करने का फैसला किया। विरोध तब से शुरू हुआ जब संघीय सरकार ने चोलिस्तान रेगिस्तान की सिंचाई के लिए सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण की योजना की घोषणा की-एक परियोजना जिसे इसके मुख्य सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य सिंध राष्ट्रवादी दलों ने खारिज कर दिया है।

बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

ढाका। बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मयपर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

नाइजीरिया: आतंकवादी हमले में 14 लोगों की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक समुदाय के कम से कम 14 लोग मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोर्नो के चिबोक स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख मोडू मुस्तफा ने संवाददाताओं को बताया कि आतंकवादियों के प्रतिबंधित बो. को हराम समूह के सदस्य होने का संदेह है।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार शाम दिवंगत नेता के लिए तीसरे दिन की प्रार्थना के दौरान चिबोक समुदाय पर हमला किया, अंधाधुंध गोलीबारी की और सात शोक संतप्त लोगों को मार डाला। स्थानीय स्वयंसेवकों ने हता. हतों की तलाश में आसपास के इलाकों की तलाशी ली, जिसके बाद मंगलवार को सात और शव बरामद किए गए। मुस्तफा के अनुसार, हिसा के दौरान कई अन्य लोग गोली लगने के कारण अलग-अलग स्तर पर घायल हुए हैं। हमले के दौरान कई घरों में आग लगा दी गई। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि हता. हतों की संख्या बढ़ सकती है। गौरतलब है कि बोको हराम अपने सहयोगी समूह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफीका प्रांत के साथ मिलकर पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामी राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आतंकी समूहों ने लेक चाड बेसिन के दूसरे देशों में भी अपने हमले बढ़ा दिए हैं।

यूएस के साथ रिश्ते खत्म, विश्वासघात से चोट पहुंची: कार्नी

ओटावांकनाडा। लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बन रहेंगे। आम चुनाव में उनकी पार्टी ने 343 में से 169 सीटें जीती हैं। ये 172 सीटों के बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 3 सीटें कम है। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी सिर्फ 144 सीटें जीत सकी। पार्टी का नेतृत्व कर रहे पियरे पॉलिवर अपनी सीट भी नहीं बचा सके। वे लिबरल पार्टी के उम्मीदवार से हार गए। लिबरल पार्टी की जीत के बाद उसे चौथी बार सत्ता में बने रहने का मौका मिला है। ए पार्टी के लिए बहुत बड़ा जनादेश है, क्योंकि दो महीने पहले तक पार्टी के जीतने की उम्मीदें बहुत कम थीं। पॉपुलैरिटी रेटिंग में पार्टी को सिर्फ 25 प्रतिशत पॉइंट मिले थे। जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और यह बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है।

हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा। जब मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा, तो यह दो स्वतंत्र देशों के आगे के संबंधों पर चर्चा करने के लिए होगा। हम एक नया रास्ता तय करेंगे, क्योंकि यह कनाडा है और यहां जो होगा, वह हम तय करेंगे। हमें बड़े सपने देखने होंगे और उससे भी बड़े काम करने होंगे। हमें वो काम करने होंगे जो पहले असंभव माने जाते थे, और ऐसी गति से करने होंगे, जो इसके पहले की पीढ़ियों ने नहीं देखी होगी। अमेरिका ने जो हमसे छीना है, उससे कहीं ज्यादा हम खुद को दे सकते हैं।

मार्क कार्नी और ट्रम्प ने मुलाकात पर सहमति जताई

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने निकट भविष्य में व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे से मुलाकात करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कार्नी ने सोमवार को संसदीय चुनावों में जीत के एक दिन बाद मंगलवार को ट्रम्प से बात की, जिसमें अमेरिका की ओर से टैरिफ और विलय की धमकियों जैसे मुद्दे हावी रहे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेतओं ने कनाडा और अमेरिका के स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्रों के रूप में एक साथ काम करने के महत्व को लेकर सहमति जताई। कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान कई बार कनाडा-अमेरिका संबंधों का उल्लेख किया, कनाडावासियों को अमेरिका के साथ चल रही शत्रुता से उत्पन्न चुनौतियों की याद दिलाई।